राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत–गुजरात,संस्करण मंगलवार, 21 जुन 2022 वर्ष–5,अंक–146 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 12,781 नए मामले, 76 हजार के पार हुए एक्टिव केस

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में कमी देखने को मिली है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 12,781 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 18 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना अपडेट जारी किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान 8,537 लोग कोरोना से ठीक भी हुए हैं। बता दें कि कल यानी रविवार को कोरोना के देश में 12,899 मामले सामने आए थे।



**76 हजार के पार हुए एक्टिव केस**

मंत्रालय ने बताया कि एक्टिव केस 76 हजार के पार हो गए हैं। देश में अभी कोरोना के एक्टिव केस 76,700 हैं। डेली पाजिटिविटी दर 4.32 फीसद जबकि साप्ताहिक पाजिटिविटी दर 2.62 फीसद हो गई है। अभी तक कुल 4 करोड़ 27 लाख 7 हजार 900 मरीज ठीक हो चुके हैं। वहीं, 5 लाख 24 हजार 873 मरीजों की मौत हो चुकी है।

**196 करोड़ के पार हुआ वैक्सीनेशन का आंकड़ा**

देश में कोरोना वैक्सीन की 196 करोड़ से ज्यादा खुराक लगाई जा चुकी है। 101.47 करोड़ से ज्यादा लोगों को पहली डोज जबकि 90.59 करोड़ से ज्यादा दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। इसके अलावा चार करोड़ से ज्यादा प्रीकाशन डोज भी दी जा चुकी है। सरकार ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 193.53 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन उपलब्ध कराई जा चुकी है। 12.75 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन अभी राज्यों के पास शेष है।

# अग्निपथ के खिलाफ भारत बंद

## दिल्ली से केरल तक सुरक्षा कड़ी...कई जगह लगा जाम

**नई दिल्ली।** सेना में भर्ती की केंद्र सरकार की 'अग्निपथ योजना' के खिलाफ सोमवार को 'भारत बंद' बुलाया गया है। भारत बंद के समर्थन में विपक्षी दलों समेत कई संगठन शामिल हैं। भारत बंद को लेकर कई राज्यों में अलर्ट है और पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं।

**दिल्ली में सुरक्षा कड़ी**दिल्ली में प्रदर्शन के चलते अलर्ट है। कई जगहों पर बैरिकेड लगे हैं। सुबह-सुबह ही अक्षरधाम के पास भारी जाम लग गया। गुरुग्राम से दिल्ली आने वाले रास्ते पर रजोकरी बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग शुरू कर दी है।

**बिहार में इंटरनेट बंद**

बिहार के 20 जिलों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। अग्निपथ योजना का सबसे ज्यादा विरोध बिहार के इन जिलों में ही हुआ था और युवाओं ने यहां जमकर हिंसा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को होने वाला जनता दरबार भी रद्द कर दिया है।

**नोएडा में धारा 144 लागू**

'भारत बंद' के चलते गौतमबुद्ध नगर जिला पुलिस ने जिले में पहले से ही धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। पुलिस ने लोगों से कानून-व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों से दूरी बनाए रखने की अपील की। रविवार को ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्थित जेवर-टोल प्लाजा पर हुए हिंसक प्रदर्शन के सिलसिले में 225 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा के दौरान आठ पुलिस कर्मी और एक बस चालक घायल हुआ है।



● 'भारत बंद' के चलते गौतमबुद्ध नगर जिला पुलिस ने जिले में पहले से ही धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। पुलिस ने लोगों से कानून-व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों से दूरी बनाए रखने की अपील की। रविवार को ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्थित जेवर-टोल प्लाजा पर हुए हिंसक प्रदर्शन के सिलसिले में 225 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**राजस्थान में भी अलर्ट**

राजस्थान में अजमेर जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सोमवार को भारत बंद के समाचारों के बाद सतर्क और चाकचौबंद हो गया है। अजमेर क्लकटर अंशदीप ने पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा और अतिरिक्त जिलाधीश कैलाश चन्द्र शर्मा के साथ बंद को लेकर बैठक की तथा पूरे जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के साथ ही बंद के मद्देनजर कार्यपालक मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी।

**केरल में भी पुलिस सतर्क**

केरल पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने या हिंसा में शामिल होने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए पूरा पुलिस बल तैनात रहेगा। केरल पुलिस ने लोगों से अपील की कि भारत बंद के दौरान हिंसक घटनाओं से लोग दूर रहें वर्ना कड़ी कार्रवाई होगी।

बता दें कि पिछले कई दिनों से अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन के नाम पर हिंसक घटनाएं हो रही हैं, इसमें सरकारी संपत्ति से तोड़फोड़, आगजनी आदि शामिल है। प्रदर्शनकारी अबतक कई ट्रेनों और बसों को आग के हवाले कर चुके हैं।

## कुपवाड़ा मुठभेड़ में 4 आतंकी ढेर, 20 दिनों में 23 दहशतगर्दों का सफाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकियों का सफाया जारी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया है कि सेना के साथ पुलिस ने कुपवाड़ा और कुलगाम जिलों में चल रहे दो आतंकवाद विरोधी अभियानों में अब तक दो पाकिस्तानी आतंकवादियों सहित चार आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस और सेना संयुक्त रूप से ऑपरेशन में लगे हैं। दरअसल, कुलगाम और कुपवाड़ा में पुलिस ने सेना के साथ एक संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। इस दौरान बीते 18 घंटों में 3 मुठभेड़ हुई हैं, जिनमें 7 आतंकी मारे गए हैं। कुल मिलाकर बीते 20 दिनों में 23 आतंकी ढेर हुए हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने जम्मू कश्मीर पुलिस के हवाले से बताया है कि कुपवाड़ा मुठभेड़ में चार आतंकी ढेर हुए हैं। वहीं बाकी जगहों पर भी दहशतगर्दों की धरपकड़ जारी है। रविवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को मार गिराया। जानकारी के मुताबिक दो दहशतगर्द कुपवाड़ा और दो कुलगाम में मारे गए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि एनकाउंटर में मारा गया एक दहशतगर्द लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है। वह पाकिस्तान का रहने वाला था।



पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर) विजय कुमार के मुताबिक, मारे गए आतंकवादियों में एक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में हुई है, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादी के साथ-साथ दो-तीन और आतंकवादी इस मौजूदा मुठभेड़ में फंसे हुए हैं। अभी मुठभेड़ चल रही है। इससे पहले सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान जम्मू के स्कूल की एक शिक्षक रजनी बाला की हत्या करने वाले दो आतंकवादियों को मार गिराया था। वहीं बैंक मैनजेर की हत्या में शामिल आतंकी को भी सुरक्षाबलों ने शोपियां में मार गिराया था। बता दें कि घाटी में लगातार हो रही टारगेट किलिंग के बाद सुरक्षाबलों ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑलआउट चलाया हुआ है, जिसके तहत लगातार आतंकियों को ठिकाने पर लगाया जा रहा है।

## 'अग्निवीरों' को नौकरी देंगे उद्योगपति आनंद महिंद्रा, ट्वीट कर किया बड़ा एलान

**नई दिल्ली।** 'अग्निपथ' स्कीम को लेकर विरोध अभी भी जारी है। इसी बीच, महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने बड़ा एलान किया है। आनंद महिंद्रा ने एलान किया है कि चार साल की सर्विस के बाद अग्निवीरों को महिंद्रा कंपनी में काम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने सोमवार सुबह ट्वीट के जरिए इसका एलान किया है। साथ ही इस स्कीम को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन पर भी उन्होंने दुख जताया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 14 जून को अग्निपथ स्कीम का एलान किया था। इस स्कीम के एलान के बाद से ही कई राज्यों में इसका विरोध हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने विरोध में कई ट्रेनों और सरकारी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाया है।



सोमवार सुबह ट्वीट के जरिए इसका एलान किया है। साथ ही इस स्कीम को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन पर भी उन्होंने दुख जताया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 14 जून को अग्निपथ स्कीम का एलान किया था। इस स्कीम के एलान के बाद से ही कई राज्यों में इसका विरोध हो रहा है।

अग्निपथ स्कीम के खिलाफ जारी प्रदर्शन को लेकर आनंद महिंद्रा ने कहा, अग्निपथ स्कीम को लेकर हिंसा से काफी दुखी हूं। पिछले साल जब इस योजना पर विचार किया गया तो मैंने कहा था कि अग्निवीर को जो अनुशासन और कौशल मिलेगा वह इनको रोजगार के काबिल बनाएगा। महिंद्रा ग्रुप ऐसे प्रशिक्षित और योग्य युवाओं को नौकरी करने का मौका देगा।

**अग्निपथ के खिलाफ भारत बंद**

अग्निपथ के विरोध में भारत बंद बुलाया गया है। लिहाजा, बिहार में अलर्ट जारी किया गया है। मुख्य सचिव ने जरूरी निर्देश दिए हैं। 20 जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वहीं, यूपी के नोएडा में धारा 144 लगाई गई है। हरियाणा में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## बीजेपी दोहराएगी राज्यसभा की जीत या शिवसेना लेगी बदला

### विधान परिषद चुनाव में फिर आमने–सामने दल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राज्यसभा के बाद सोमवार को विधान परिषद चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और सत्तारूढ़ शिवसेना आमने-सामने हैं। खास बात है कि राज्यसभा चुनाव में शिवसेना को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार पार्टी जीत का दावा कर रही है। वहीं, शिवसेना ने महाविकास अघाड़ी में फूट की बात से भी इनकार किया है। विधान परिषद चुनाव को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती। दोनों दलों ने शिवसेना प्रमुख और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ बैठक की थी। खास बात है कि पार्टियों ने दल बदल की संभावनाओं से बचने के लिए विधायकों को अलग-अलग होटल में ठहराया है। रविवार को सीएम ठाकरे ने भरोसा जताया है कि एमवीए में कोई फूट नहीं है। साथ ही उन्होंने क्रॉस वोटिंग की संभावनाओं से भी इनकार किया था। उन्होंने कहा था, राज्यसभा की हार दुर्भाग्यपूर्ण थी। शिवसेना के वोट राज्यसभा में नहीं बटे थे। हमें पता है कि क्या गलत हुआ। एमएलसी चुनाव दिखाएंगे कि हमारे बीच कोई फूट नहीं है।

**क्या है महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव का गणित–**

महाराष्ट्र विधान परिषद की 10 सीटों पर चुनाव होने हैं, जिनपर 11 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। एक ओर जहां एमवीए के तीनों दलों ने 2-2 उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, भाजपा के पांच उम्मीदवार तैयार हैं। खास बात है कि राज्य विधानसभा में मौजूदा संख्या को देखते हुए 9 उम्मीदवारों की जीत तय है। लेकिन 10वीं सीट पर मुंबई कांग्रेस के प्रमुख भाई जगताप और भाजपा के प्रसाद लाड के बीच मुकाबला है। महाराष्ट्र सदन में सदस्यों की संख्या 288 है, जो घटकर 285 पर आ गई है। हाल ही में शिवसेना के विधायक रमेश लाटके का निधन हो गया था।

## टाइम के संग हर साल 54 लाख लीटर पेट्रोल-डीजल की बचत, प्रदूषण होगा कम

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान टनल और पांच अंडरपास सोमवार से आम जनता के लिए खोल दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इसका उद्घाटन करने के बाद निरिक्षण किया। उन्होंने बताया कि इसे तैयार करने में कितनी परेशानियां आईं। बताया जा रहा है कि यह टनल लोगों का समय और ईंधन बचाने के साथ ही कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी लाने का भी कारण बनेगी। अब इसपर द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) ने मुहर लगा दी है।

टेरी के एक विश्लेषण से पता चला है कि प्रगति मैदान एकीकृत सड़क परियोजना हर साल लगभग 12,400 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम कर देगी।



विश्लेषण के अनुसार, जो परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट पर आधारित है, यह अनुमान लगाया गया है कि इससे होकर गुजरने वाले वाहन चालकों के औसतन आठ मिनट की बचत होगी। जिससे कुल मिलाकर हर साल 54,90,240 लीटर ईंधन की बचत होगी।

टेरी ने कहा, शुरुआती अध्ययनों और विभिन्न स्रोतों से इकट्ठा किए गए आंकड़ों के आधार पर, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इस टनल के निर्माण से प्रति वाहन आठ मिनट के यात्रा समय की बचत होगी। कुल ईंधन (पेट्रोल के बराबर) की बचत प्रति वाहन प्रति घंटे 600 मिलीलीटर होगी, जिससे हर साल कुल 54,90,240 लीटर ईंधन की बचत होगी। वहीं हर साल 12,400 टन कम कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का उत्सर्जन होगा।

शोध में कहा गया है कि दिल्ली परिवहन विभाग के अनुसार, परियोजना परिकल्पना से कार्यान्वयन तक ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन परिचालन) मात्रा में 4 फीसदी की वृद्धि हुई, जो 2022 में परियोजना के चालू होने पर 16,400 टन सीओ2 की कार्बन बचत के अनुरूप है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भीड़भाड़ को कम करने, यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने के अलावा, परियोजना के स्थानीय क्षेत्रों में प्रदूषण भार को कम करने और ग्रीनहाउस गैस कटौती में योगदान के रूप में सह-लाभ प्रदान करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है, केंद्र ने सीओ2 उत्सर्जन की समस्या का समाधान निकालने और परियोजनाओं को लागू करने के लिए कई प्रयास किए हैं। आईटीपीओ की यह परियोजना सरकार के प्रयासों में योगदान देगी। भारत के कुल कार्बन उत्सर्जन में परिवहन क्षेत्र का हिस्सा सबसे बड़ा है। यह सीओ2 का लगभग 23 प्रतिशत उत्सर्जन करने के लिए जिम्मेदार है जो ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देता है।

# दिल्ली-राजस्थान में मानसूनी बारिश, आपके यहां कब बरसेंगे बादल

**नई दिल्ली।** मानसून की तरफ उम्मीद लगाए बैठे कुछ लोगों में तो खुशी है जबकि अभी भी देश के कुछ हिस्सों में लोग इंतजार ही कर रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली और राजस्थान के कुछ जिलों में झमाझम बारिश हुई है। एक तरफ जहां राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बारिश से मौसम में नमी बनी हुई है तो वहीं राजस्थान में पिछले 24 घंटों के दौरान बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में मध्यम से तेज स्तर की मानसून पूर्व की बारिश दर्ज की गई।

दरअसल, देश के कई राज्य में मानसून पहुंच चुका है। इस वजह से कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है। दूसरी तरफ प्री मानसून से भी कई राज्यों में हल्की बारिश देखने को मिल रही है। इसी बीच मौसम विभाग ने देशभर के मौसम का साप्ताहित पूर्वानुमान जारी किया है। जिसमें तहत कई राज्य में बारिश होने की संभावना जताई गई है।

दिल्ली राजस्थान के अलावा बिहार और झारखंड सहित दूसरे राज्य के कई हिस्से में लगातार बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग की मानें तो राजधानी दिल्ली सहित अन्य राज्यों में मानसून जल्द दस्तक दे सकता है। हालांकि दिल्ली के लिए अगले तीन दिन भी गर्मी से राहत भरे रहने वाले हैं। उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिले अभी भी बारिश का इंतजार ही कर रहे हैं लेकिन विभाग के मुताबिक अगले एक सप्ताह तक मानसून पहुंच सकता है।

उधर बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश में बारिश की शुरुआत हो चुकी है। बिहार में मानसून के प्रवेश के साथ ही कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। झारखंड के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में भी बंगाल की खाड़ी से निर्मित हुए ट्रफ लाइन का असर देखने को मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश, लद्दाख में भी गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो चुकी है। कई क्षेत्रों में बारिश से भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है।



इसी बीच मौसम विभाग ने केरल, मुंबई सहित पूर्वी मध्य प्रदेश तक बारिश का अनुमान लगाया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों, पूरे विदर्भ और छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। अगले 48 घंटों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के पूर्वी मध्य प्रदेश, पूरे छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के और हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है।

अगले 24 घंटों के दौरान मुंबई और कोंकण तट पर भारी बारिश की संभावना है। तटीय कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी है। राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर भी मध्यम से भारी बारिश संभावित है। सुदूर पश्चिमी राजस्थान के बाहर देश के बाकी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

दक्षिण पश्चिम मानसून रविवार को गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के अधिकांश हिस्सों में पहुंच गया, यहां मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। असल में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते दिल्ली-एनसीआर में लगातार पिछले चार दिनों से रुक-रुक बारिश हो रही है, जिससे गर्मी कम हुई है और मौसम सुहाना हो गया है। बारिश का यह सिलसिला आगामी 21 जून तक जारी रहने का पूर्वानुमान मौसम विभाग पहले ही जता चुका है।



# नियमित योग से बने शरीर के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत

**योग** के महत्व को अब संपूर्ण विश्व जानने लगा है। नियमित योग करते रहने से जहां आप शारीरिक रूप से सेहतमंद बने रह सकते हैं वहीं आप मानसिक रूप से भी मजबूत बन सकते हैं। मन की मजबूत से ही जीवन में सफलता मिलती है। आओ जानते हैं कि किस तरह होगा यह संभव।

## 1.योगासन

बचपन में हमारा शरीर लचकदार था। उम्र बढ़ने के साथ हड्डियां कड़क होती गई। हार्ड बोन के टूटने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक बच्चा जब छोटी-मोटी जगह से गिरता है तो फ्रेक्चर होने के कम चांस है, लेकिन जवान व्यक्ति जब गिरता है तो फ्रेक्चर होने के चांस ज्यादा होते हैं। योग हमारी हड्डियों को फिर से लचकदार बनाकर लंबे समय तक उनके कैल्शियम के क्षरण को रोकता है।

योगासन का शरीर लचीला और सॉफ्ट होता है। इसे अतिरिक्त भोजन की आवश्यकता नहीं होती और यह सभी तरह के रोग से बचने की क्षमता रखता है। लगातार योग करने के बाद योग छोड़ भी देते हैं तो इससे शरीर में किसी भी प्रकार का ढलाव नहीं आता और हाथ-पैर में दर्द भी नहीं होता। जब स्फूर्ती दिखाने का मौका होता है तो यह शरीर एकदम से सक्रिय होने की क्षमता रखता है।

यदि आहार नियम का पालन करते हुए लगातार सूर्य नमस्कार के साथ आप योग के प्रमुख आसन करते रहते हैं तो 4 माह बाद आपका शरीर एकदम लचीला होकर स्वस्थ हो जाएगा। आप हरदम एकदम तरो-ताजा और खुद को युवा महसूस करेंगे। योगासनों के नियमित अभ्यास से मेरुदंड सुदृढ़ बनता है जिससे शिराओं और धमनियों को आराम मिलता है। शरीर के सभी अंग-प्रत्यंग सुचारु रूप से कार्य करते हैं। यही मस्तिष्क को सुदृढ़ करने का प्रारंभिक चरण है।

## 2. प्राणायाम

मस्तिष्क की कार्य क्षमता और मजबूती बढ़ती है प्राणायाम से। इससे मस्तिष्क में ऑक्सिजन का लेवल बढ़ जाता है। प्राणायाम करते रहने से मन में कभी भी उदासी, खिन्नता और क्रोध नहीं रहता है। मन हमेशा प्रसन्नचित रहता है जिसके चलते आपके आसपास एक खुशनुमा माहौल बन जाता है। आप जीवन में किसी भी विपरीत परिस्थिति से हताश या निराश नहीं होंगे। आप चाहें तो ध्यान को भी अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाकर मस्तिष्क को और भी मजबूत कर सकते हैं।

मस्तिष्क में किसी भी प्रकार का द्वंद्व और विकार नहीं रहता है। व्यक्ति की सोच बहुत ही विस्तृत होकर परिष्कृत हो जाती है। परिष्कृत का अर्थ साफ-सुथरी व स्पष्ट। ऐसे में व्यक्ति की बुद्धि बहुत तीक्ष्ण हो जाती है तथावह जो भी बोलता है, सोच-समझकर ही बोलता है। भावनाओं में बहकर नहीं बोलता है। योग करते रहने का प्रभाव यह होता है कि शरीर, मन और मस्तिष्क के ऊर्जावान बनने के साथ ही आपकी सोच बदलती है। सोच के बदलने से आपका जीवन भी बदलने लगता है। योग से सकारात्मक सोच का विकास होता है।

यदि किसी भी प्रकार का मानसिक रोग है तो वह मिट जाएगा, जैसे चिंता, घबराहट, बेचैनी, अवसाद, शोक, शंकालु प्रवृत्ति, नकारात्मकता, द्वंद्व या भ्रम आदि। एक स्वस्थ मस्तिष्क ही खुशहाल जीवन और उज्वल भविष्य की रचना कर सकता है। योग से जहां शरीर की ऊर्जा जाग्रत होती है, वहीं हमारे मस्तिष्क के अंतरिम भाग में छिपी रहस्यमय शक्तियों का उदय होता है। जीवन में सफलता के लिए शरीर की सकारात्मक ऊर्जा और मस्तिष्क की शक्ति की जरूरत होती है। यह सिर्फ योग से ही मिल सकती है, अन्य किसी कसरत से नहीं।

## 3. ध्यान

लगातार ध्यान करते रहने से कम होने लगते हैं मन में विचार, श्वास-प्रश्वास में होता सुधार, सकारात्मक सोच का होता है निर्माण, अनावश्यक भय, चिंता और डिप्रेशन होता है दूर और मस्तिष्क में होता है प्राणों का संचार। साथ ही ब्लड प्रेशर होता नियंत्रित, मोमोरी पॉवर बढ़ती, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती, आंखों की ज्योति बढ़ती और मन होता है मजबूत।





# मस्तिष्क और मन को निरोग रखता है योग

**योग** हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है। योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। 21 जून यानी की आज विश्व योग दिवस है। पहली बार यह 2015 को मनाया गया। यह भारत के प्रयास से ही सफल हो सका है। पूरी दुनिया आज योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं।

भगवान कृष्ण ने गीता में स्वयं कहा है कि 'योग: कर्मसु कौशलम' यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि 'योगस्थ: कुरु कर्माणि' इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है।

भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर 2014 को इसका प्रस्ताव दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे।

योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक संमृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने है। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं। भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित है। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई है। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। वह योग करते हुए अपने कई वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। फिट इंडिया, हिट इंडिया उनका मूलमंत्र है। इसके साथ वह लोगों से अपील करते हैं कि आप योग के जरिए अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखें, जिससे आपका सहयोग देश के विकास में अच्छे तरीके से हो।

विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम तनाव की जिंदगी दे रहा है। जिंदगी की गति अधिक तेज हो चली है। लोगों के जीने का नजरिया बदल रहा है। काम का अधिक दबाव बढ़ रहा है इससे हाईपर टेंशन, और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। तनाव का सबसे बेहतर इलाज योग विज्ञान में हैं, वहीं लोगों में सुंदर दिखने की बढ़ती ललक भी योग और आयुर्वेद विज्ञान को नया आयाम देगी। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। आम आदमी के जिंदगी में तनाव तेजी से बढ़ रहा है।

पूरी जिंदगी असंमित हो गई है, जिसकी वजह से परिवार में तनाव और झगड़े होते हैं। लोगों के पास आज पैसा है लेकिन शांति नहीं है, जिसकी वजह से परिवार में संतुलन गायब है। लोग खुद से संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति से निकालने के लिए योग सबसे बेहतर उपाय हो सकता है। इसलिए भाग दौड़ की जिंदगी को अगर संयमित और संतुलित करना है तो मन को स्थिर रखना होगा। जब तक हमें मानसिक शांति नहीं मिलेगी तब तक हम जीवन के विकारों से मुक्त नहीं हो सकते हैं। उस स्थिति में योग ही सबसे सरल और सुविधा युक्त माध्यम हमारे पास उपलब्ध है।

हमारी हजारों साल की वैदिक परंपरा को वैश्विक मंच मिला है। योग का प्रयोग अब दुनिया भर में चिकित्सा विज्ञान के रूप में भी होने लगा है, उसे स्थिति हमें अपने जीवन के साथ जीने का नजरिया भी बदलना होगा। योग से संबंधित यूनिवर्सिटी, शोध संस्थान, आयुर्वेद मेडिसिन उद्योग नई उम्मीदें और आशाएं लेकर आएगा। भारत और दुनिया भर में योग के लिए संस्थान स्थापित हुए हैं। योग को पर्यटन उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है। योग स्वस्थ दुनिया की तरफ बढ़ता कदम है।



# सुबह की शुरुआत प्राणायाम के साथ कीजिए

**प्राणायाम** अष्टांग योग का चौथा अंग है। जब तक शरीर में प्राणवायु है तब तक ही आयु है। प्राचीन ऋषि वायु के इस रहस्य को समझते थे तभी तो उन्होंने बढ़ती उम्र को रोक देने का शॉर्ट कट निर्मित किया। श्वास को लेने और छोड़ने के दरमियान घंटों का अंतराल प्राणायाम के अभ्यास से ही संभव हो पाता है। कछुए की सांस लेने और छोड़ने की गति इंसानों से कहीं अधिक दीर्घ है। व्हेल मछली की उम्र का राज भी यही है। प्राणायाम के माध्यम से आपने यदि सांसों को साध लिया तो आपकी आयु भी बढ़ जाएगी और कभी कोई रोग नहीं होगा। आओ जानते हैं कि कैसे साधें सांसों को।

सुबह की शुरुआत अनुलोम विलोम से करें- प्राणायाम करते समय 3 क्रियाएं करते हैं- 1.पूरक, 2.कुंभक और 3.रेचक। अनुलोम विलोम में कुंभक नहीं करते हैं। मतलब श्वास लेना और छोड़ना होता है। श्वास लेने की क्रिया को पूरक और श्वास छोड़ने को रेचक कहा जाता है। श्वास अंदर रोकने की क्रिया को कुंभक कहते हैं। अंदर रोके या श्वास बाहर छोड़कर रोक लें। रोकने की क्रिया करते हैं तो नाड़िशोधन प्राणायाम होगा। फेफड़ों के भीतर वायु को नियमानुसार रोकना, आंतरिक और पूरी श्वास बाहर निकालकर वायुरहित फेफड़े होने की क्रिया को बाहरी कुंभक कहते हैं। अनुलोम विलोम में हमें श्वास को रोकना नहीं है बस नियम से लेना और छोड़ना है।

## कैसे करें अनुलोम और विलोम?

1. सबसे पहले आसन पर आलकी-पालकी मारकर शुद्ध वायु में बैठ जाएं।
2. इसके बाद दाएं अंगूठे से अपनी दाहिनी नाक को बंद करें। इस दौरान तर्जनी अंगुली को अंगूठे के नीचे के हिस्से पर हल्के से दबाकर रखें।
3. अब बाईं नासिका से श्वास को भीतर तक खींचे और फिर अनामिका अंगुली से बाईं नासिका को बंद करके अंगूठे को दाईं नासिका से हटाकर श्वास छोड़ दें।
4. अब दाईं नासिका से श्वास को भीतर तक खींचे और फिर अंगूठे से दाईं नासिका बंद करने के बाद अनामिका अंगुली को बाईं नासिका से हटाकर श्वास छोड़ दें।
5. अब बाईं नासिका से श्वास को भीतर तक खींचे और फिर अनामिका अंगुली से बाईं नासिका को बंद करके अंगूठे को दाईं नासिका से हटाकर श्वास छोड़ दें।

अवधि : इसी प्रक्रिया को कम से कम 5 मिनट तक दोहराते रहें। मतलब बाईं नाक से श्वास लेकर दाईं से छोड़ना और दाईं से श्वास लेकर बाईं से छोड़ना। यही अनुलोम विलोम प्राणायाम है।

## इसके 10 फायदे

1. इससे तनाव, चिंता और अवसाद घटता है और शांति मिलती है।
2. यह मस्तिष्क और फेंफड़ों में ऑक्सिजन का लेवल बढ़ा देता है।
3. इसे नियमित करने से नेत्र ज्योति बढ़ती है
4. इससे रक्त संचालन सही बना रहता है।
5. मस्तिष्क के सभी विकारों को दूर करने में यह प्राणयाम सक्षम है।
6. फेंफड़ों में जमा गंदगी बहार होती है और फेंफड़े मजबूत बनते हैं।
7. अनिद्रा रोग में यह प्राणायाम लाभदायक है।
8. इस प्राणायाम को करते समय यदि पेट तक श्वास खींची जाए तो यह पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है। डाइजेशन सही होता है।
9. इससे नकारात्मक चिंतन से चित दूर होकर आनंद और उत्साह बढ़ जाता है।
10. अस्थमा, एलर्जी, साइनोसाइटिस, पुराना नजला, जुकाम आदि रोगों में भी यह प्राणायाम लाभदायक सिद्ध हुआ है।

# शारीरिक और मानसिक फिटनेस के लिए करें योग

**योग** हमें शारीरिक और मानसिक रुप से फिट बनाये रखता है। आज के वयस्त समय में व्यक्ति रोगों का शिकार बनता जा रहा है इसके साथ ही मधुमेह और रक्तचाप सहित कई बीमारियों उसे घेरती जा रही है। ऐसे में स्वस्थ रहने उसे योग का सहारा लेना चाहिये। अपने पूरे ट?यक्तिव को निखारने और सामाजिक, ट?यक्तिगत, शारीरिक और मानसिक रूप से बेहरत बनने के लिए योग सबसे बेहतर है।

## दंडासन

यह एक बैठ कर करने वाला आसन है, जिसे लंबे समय तक करने से कई फायदे मिलते हैं। जिन लोगों के पैरों में दर्द रहता है वे इस आसन को 5 से 10 मिनट ज़रूर करें। इसे करने के लिए आप पैरों को आगे की तरफ खोलकर बैठ जाएं और कमर को सीधी रखें। जब हम अधिक देर तक इसी अवस्था में बैठते हैं, तो शरीर में बेहतर तरीके से रक्त प्रवाह होता है और पैरों का दर्द ठीक होने लगता है।

## शलभासन

पेट के बल लेट जाएं और जांघ के नीचे अपनी दोनों हाथों की हथेलियों को दबाएं। अब बिना घुटनों को मोड़े दोनों पैरों को धीरे से एक साथ उठाने का प्रयास करें। अब ऐसे ही 5 तक की गिनती करें। अब पैरों को धीरे से नीचे रख लें। ऐसा दोबारा करें. कमर दर्द को ठीक करने में ये आसन काफी लाभदायक है।

## तितली आसन

पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे से लगाकर बैठें और कमर गर्दन सीधी रखें। अब हाथों से दोनों तलवों को पकड़कर रखें और घुटनों से पैरों को तितली की तरह उठाएं और नीचे करें। ऐसा आप कुछ देर तक करें।

## वक्रासन

दाहिने पैर को बाएं पैर के घुटनों के पास रखें। दाएं हाथ को पीछे की तरफ रखें। बाएं हाथ को ऊपर की तरफ उठाएंगे और शरीर को घुमाते हुए बाएं हाथ से दाहिने पैर के घुटनों को धकेलते हुए पैरों पर हाथ का ग्रिप बनाएं। गर्दन को धीरे से पीछे की तरफ घुमाएं. अब 10 तक की गिनती करें। धीरे से गर्दन को सामने, हाथ को वापस, पैरों को भी वापस अपनी जगह पर रखें। इसी तरह अब बाईं तरफ से ये सारी प्रक्रिया दुहराएं। मधुमेह मरीजों के लिए यह बहुत लाभदायक है जिन लोगों को कब्ज की समस्या है, उन्हें भी इसका नियमित अभ्यास करना चाहिए।

# टेस्ला और मस्क का भारत में स्वागत, पर केंद्र आत्मनिर्भर भारत योजना से पीछे नहीं हटेगा : पांडे



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने कहा कि टेस्ला और उसके सीईओ एलन मस्क का भारत में स्वागत है, लेकिन सरकार आत्मनिर्भर भारत की पॉलिसी से किसी भी तरह से पीछे नहीं हटेगी। कंपनी को भारत में अपने प्रोडक्ट्स बेचने से पहले यह शर्त माननी होगी। टेस्ला देश में अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को बेचने के लिए आयात शुल्क में कमी की मांग कर रही है। पिछले महीने, मस्क ने कहा कि टेस्ला स्थानीय रूप से अपने ईवी का उत्पादन तब तक नहीं करेगी, जब तक कि उसे अपनी इलेक्ट्रिक कारों को पहले यहां बेचने और सर्विस करने की अनुमति नहीं दी जाती। मस्क ने भारत के लिए अपनी निर्माण योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर यह जानकारी साझा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा टेस्ला किसी भी ऐसे स्थान पर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट नहीं लगाएगी, जहां हमें पहले से बेचने की अनुमति नहीं है। हाल ही में आयोजित एक शिखर सम्मेलन में भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री पांडे ने कहा कि देश की आत्मनिर्भर नीति अडिग है। टेस्ला का भारत में स्वागत है, लेकिन उन्हें देश की नीतियों का पालन करना होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शर्तों के तहत टेस्ला को भारत में अपने इलेक्ट्रिक वाहन लॉन्च करने के लिए आमंत्रित किया था। टेस्ला को टैक्स में किसी भी तरह की कटौती की उम्मीद करने से पहले देश के लिए अपनी उत्पादन योजनाओं को शेयर करने के लिए कहा गया था। गडकरी ने कहा था, अगर मस्क भारत में टेस्ला बनाने के लिए तैयार हैं, तो कोई समस्या नहीं है। हमारे पास सभी योग्यताएं हैं, विक्रेता उपलब्ध हैं। हमारे पास हर तरह की तकनीक है और उसकी वजह से वह लागत कम कर सकते हैं। गडकरी ने यह भी कहा था कि टेस्ला को चीन में अपने ईवी का निर्माण करने और फिर भारत में बेचे यह किसी भी तरह नहीं हो सकता, क्योंकि यह देश के लिए अच्छा प्रस्ताव नहीं है।

# अपने बेड़े का विस्तार करेगी टाटा ग्रुप की एयर इंडिया



**चेन्नई।**

टाटा ग्रुप की एयर इंडिया की योजना एक दो साल में अपने बेड़े का विस्तार करने की है। मीडिया रिपोटर्ें में कहा गया है कि प्रस्तावित नए एल्यूमीनियम पक्षी दो निर्माताओं, एयरबस और बोइंग से संकीर्ण और चौड़े शरीर का मिश्रण होंगे। वर्तमान में, एयर इंडिया का बेड़ा बोइंग (777-200एलआर, 777-300ईआर और 787-800 ड्रीमलाइनर) और एयरबस (319, 320, 320 नियो और 321) विमानों का मिश्रण है, जिनकी संख्या 113 परिचालन उड़ानें हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि टाटा ग्रुप बेड़े के विस्तार को कैसे वित्तपोषित करता है। यह भी कहा जा रहा है कि एयर इंडिया ने अपने पायलटों से पूछा है कि क्या वे ए350 उड़ान में प्रशिक्षित होना चाहते हैं, जिसका अर्थ है कि एयरलाइन लंबी दूरी की उड़ानों के लिए इसे अपने बेड़े में शामिल करने की योजना बना रही है। हालांकि, एयर इंडिया के अधिकारी टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं हो सके। टाटा ग्रुप ने पिछले साल भारत सरकार से एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। ग्रुप के पास पहले से ही विस्तारा और एयर एशिया है।

# केरल ने भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट को गलत बताया

## - कहा, कर्ज के जाल में नहीं फंसा है राज्य, अन्य प्रदेशों का क्या है हाल?

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल में एक रिपोर्ट जारी कर बताया था कि केरल सहित पांच राज्यों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है और अगर हालात को जल्द काबू में नहीं लाया गया तो इनकी हालत भी श्रीलंका जैसी हो सकती है। अब अन्य राज्यों ने तो इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन केरल ने इस रिपोर्ट को गलत करार दिया है। राज्य के वित्तमंत्री के एन बालागोपाल ने कहा कि उनका राज्य कर्ज के जाल में नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि आरबीआई के जिस लेख में राज्य की वित्तीय हालत पर चिंता जताई गई, वह जमीनी हकीकत से पूरी तरह दूर है. जहां तक केरल का सवाल है, हम कर्ज के जाल में नहीं हैं। हमारे सामने कई अन्य राज्यों की तरह ही वित्तीय मुश्किलें जरूर हैं। आरबीआई ने यह रिपोर्ट तैयार करते समय कोविड-19 और निपाह वायरस के प्रकोप तथा 2018, 2019 में आई बाढ़ के कारण उनके राज्य के सामने आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में नहीं रखा। हमें पूरी उम्मीद है कि इस साल हमारे राज्य के वित्तीय क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। रिपोर्ट में कहा गया था कि सभी राज्यों की ओर से सालाना खर्च की जाने वाली कुल राशि का 50 फीसदी अकेले 10 राज्य ही इस्तेमाल करते हैं। इससे पहले रिजर्व बैंक ने पांच राज्यों में वित्तीय तनाव पैदा होने पर चिंता जताते हुए सुधारात्मक कदम उठाने का आह्वान किया था। डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में अर्थशास्त्रियों के एक दल की ओर से तैयार आरबीआई के लेख में कहा गया था कि पांच सबसे अधिक कर्जदार राज्यों - पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल में गैर-जरूरी चीजों पर खर्च में कटौती करने की जरूरत है।

रिपोर्ट में कहा था कि इन पांच राज्यों में पिछले 5 साल से उनकी कमाई के अनुपात में खर्च काफी ज्यादा बढ़ गया है। मुफ्त सब्सिडी वाली योजनाओं के कारण इन राज्यों पर कर्ज की लागत बढ़ती जा रही है, जबकि कोविड-19 महामारी जैसे झटकों की वजह से इनके राजस्व में बड़ी गिरावट आई है। कई राज्य बिजली वितरण कंपनियों के बकाए नहीं चुका पा रहे, जबकि सब्सिडी पर उनकी देनदारी और बढ़ रही है। ये हालात श्रीलंका जैसे संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। लिहाजा समय रहते इन राज्यों को अपने गैर-जरूरी खर्चों में कटौती करनी होगी।

# बाजार खुलते ही वेदांता के शेयर नौ फीसदी गिरे




**मुंबई ।** वेदांता के शेयर में सोमवार को बाजार खुलते ही बिकवाली दबाव देखने को मिला। इससे शेयर 7 फीसदी से ज्यादा टूट गया। सुबह इस शेयर का प्राइस 9 फीसदी गिरकर 240 रुपए चल रहा था। गिरावट की वजह यह है कि कंपनी तमिलनाडु में अपने एक कॉपर प्लांट को बेचने जा रही है। उसने इसके लिए एक्सप्रेशन इंटरेस्ट (ईओआई) मंगाया है। वेदांता का यह कॉपर प्लांट तमिलनाडु के तुतिकोरिन में है। राज्य सरकार के एक आदेश के बाद यह प्लांट 2018 के मध्य से बंद पड़ा है। इस प्लांट को खरीदने की इच्छुक कंपनियां 4 जुलाई तक ईओआई सब्मिट कर सकती हैं। वेदांता के इस प्लांट की बिक्री में ऑक्सीजन जेनरेशन फैसिलिटी और रेजिडेंशियल होम शामिल हैं। इस प्लांट पर पर्यावरण के नियमों के उल्लंघन का आरोप लगा था। उसके बाद राज्य सरकार ने इसे बंद करने का आदेश दिया था। बंद होने के वक्त इस प्लांट में सीधे तौर पर 5,000 कर्मचारी काम कर रहे थे। वेदांता का शेयर एक महीने में 22 फीसदी से ज्यादा गिर चुका है। 20 मई को इस शेयर का भाव 314 रुपए था। अब यह 240 रुपए के भाव पर आ गया है। इस साल अब तक यह शेयर 31 फीसदी से ज्यादा गिर चुका है। वेदांता देश की बड़ी मेटल कंपनियों में से एक है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।** मुम्बई शेयर बाजार में सोमवार को बढ़त दर्ज की गयी। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन यूरोपीय बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के कारण कारण घरेलू बाजार में खरीददारी का माहौल रहा जिससे बाजार ऊपर आया है। वहीं पिछले सप्ताह बाजार में गिरावट का माहौल था जो अब जाकर रुका है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 237.42 अंक करीब 0.46 फीसदी ऊपर आकर 51,597.84 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 56.65 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी ऊपर आकर 15,350.15अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की दिग्गज कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर मुख्य रुप से ऊपर आये हैं। वहीं, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

**आईटी में रही तेजी**

एचयूएल, एचडीएफसी, अपोलो अस्पताल , एशियन पेंटस और अल्ट्रा टेक सीमेंट निफ्टी के सबसे लाभ वाले शेयर रहे जबकि ओएनजीसी , टाटा स्टील , यूपीएल, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और कोल इंडिया के शेयरों को लाभ हुआ। आज एफएमसीजी इंडेक्स एक फीसदी और आईटी इंडेक्स 0.5 फीसदी बढ़त में रहे। इसके अलावा तेल व गैस, मेटल , पावर ओर रियल्टी के शेयर नीचे आये। बीएसई मिडकैप 1.4 फीसदी नीचे रहा जबकि स्मॉल कैप 3 फीसदी नीचे आया। वहीं एशियाई बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट नुकसान में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक लाभ के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर यूरोपीय बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख था।

# रुपया सात पैसे की तेजी के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपये में बढ़त दर्ज की गयी है। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 77.98 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में गिराट से रुपये में यह तेजी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 77.98 पर खुला। वहीं कारोबार के दौरान रुपया 77.87 के दिन के उच्चतम स्तर और 78.03 के निचले स्तर तक गया। अंत में यह अपने पिछले बंद भाव 78.05 रुपये के मुकाबले सात पैसे ऊपर आकर 77.98 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इसी बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.37 फीसदी नीचे आकर 104.31 पर फिसल गया।



# कोयला खदानों पर 5.2 करोड़ टन का भंडार

**नई दिल्ली ।** सरकार ने कहा कि विभिन्न कोयला खदानों पर कोयले का 5.2 करोड़ टन से अधिक भंडार है जो देश में ऊर्जा संयंत्रों की 24 दिन की ईंधन आवश्यकता के लिहाज से पर्याप्त है। कुछ हफ्ते पहले ही देश के विभिन्न ऊर्जा संयंत्रों में ईंधन की कमी के कारण ऊर्जा उत्पादन प्रभावित हुआ था। कोयला मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न घरेलू कोयला खदानों पर कोयले का 5.2 करोड़ टन से अधिक भंडार है जो ऊर्जा संयंत्रों की करीब 24 दिन की जरूरत से अधिक है। इसके अलावा करीब 45 लाख टन कोयला विभिन्न गोदामों, निजी वॉशरी और बंदरगाहों पर रखा है जिसे ऊर्जा संयंत्रों तक भेजा जाना है। उत्पादन बढ़ने के साथ कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा ऊर्जा क्षेत्र को अब तक की सर्वाधिक आपूर्ति भी की जा रही है। ऊर्जा क्षेत्र को रैक आपूर्ति 2020-21 के 215.8 रैक प्रतिदिन से बढ़कर 2021-22 में 271.9 रैक प्रतिदिन हो गई जो 26 फीसदी वृद्धि दर्शाता है।

# अग्निवीरों के लिए कॉर्पोरेट सेक्टर में रोजगार के मौके: आनंद महिंद्रा

**नई दिल्ली।** दिग्गज कारोबारी आनंद महिंद्रा ने कहा कि अग्निपथ से वापस आने वाले ट्रेंड और क्षमता वाले अग्निवीरों को वह अपनी कंपनी में नौकरी देंगे। आनंद महिंद्रा ने सोमवार को केंद्र की अग्निपथ योजना के विरोध में हुई हिंसा पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि महिंद्रा समूह इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित, सक्षम और युवा अग्निवीरों का अपने यहां भर्ती के लिए स्वागत करेगा।उन्होंने रक्षा सेवाओं में चार साल के कार्यकाल के लिए 17.5 साल से 23 साल तक के युवाओं की भर्ती योजना पर कहा कि इन अग्निवीरों के लिए कॉरपोरेट क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। अग्निपथ कार्यक्रम के विरोध में हुई हिंसा से दुखी हूं। जब पिछले साल इस योजना पर विचार किया गया था, तो मैंने कहा था और उस बात को मैं दोहराता हूं- अग्निवीरों का अनुशासन और कौशल उन्हें रोजगार के योग्य बना देगा। महिंद्रा समूह ऐसे प्रशिक्षित, सक्षम युवाओं की भर्ती के अवसर का स्वागत करता है। एक ट्विटर उपयोगकर्ता ने उनसे पूछा कि महिंद्रा समूह इन अग्निवीरों को कौन सा पद देगा, तो उन्होंने जवाब दिया` कि कॉरपोरेट क्षेत्र में अग्निवीरों के लिए रोजगार की बड़ी संभावनाएं हैं। नेतृत्व, टीम वर्क और शारीरिक प्रशिक्षण के साथ ये अग्निवीर उद्योग को बाजार के लिए तैयार पेशेवर समाधान देते हैं। ये समाधान परिचालन से लेकर प्रशासन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन तक विस्तृत हैं।

# आईएटीए महानिदेशक बोले- इस साल वैश्विक स्तर पर एयरलाइनों का घाटा कर होकर 9.7 अरब डॉलर रह जाएगा

**दोहा ।** कोरोना महामारी से जूझ चुकी दुनिया में हवाई क्षेत्र का कारोबार सबसे अधिक प्रभावित हुआ था। वैश्विक विमानन निकाय आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने सोमवार को सुखद सूचना देते हुए कहा कि इस साल वैश्विक स्तर पर एयरलाइनों का घाटा घटकर 9.7 अरब डॉलर रह जाएगा, जो 2021 में 52 अरब डॉलर था। इसके अलावा उन्होंने 2023 में उद्योग जगत में मुनाफे के बढ़ने की उम्मीद जताई है। आईएटीए करीब 290 विमानों का प्रतिनिधित्व करता है, जो वैश्विक हवाई यातायात का 83 प्रतिशत है। वॉल्श ने यहां आईएटीए की 78वीं वार्षिक आम बैठक में कहा कि वैश्विक स्तर पर एयरलाइनों के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है, लेकिन कारोबारी माहौल चुनौतीपूर्व बना हुआ है। उन्होंने सभी चुनौतियों को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि अप्रैल में आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) में मुद्रास्फीति नौ प्रतिशत से ऊपर है। ओईसीडी 38 देशों का एक समूह है। वॉल्श ने कहा, हमारे दृष्टिकोण (वैश्विक) के मुताबिक इस साल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। यह बढ़त सकारात्मक है लेकिन पिछले पूर्वानुमानों के मुकाबले कम है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक को पिछले साल (2021) की तुलना में ऊर्जा की कीमतों में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद है। वॉल्श के मुताबिक, रूस-यूक्रेन पर अवैध आक्रमण ने वैश्वीकरण को अस्थिर कर दिया है। इसके साथ ही दुनिया की खाद्य आपूर्ति के लिए खतरा पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि 650 अरब डॉलर के कर्ज वाली एयरलाइनों की पस्त वित्तीय स्थिति को ठीक करना एक बड़ी चुनौती होगी। वॉल्स ने कहा, इन सबके बीच लोगों के यात्रा करने की इच्छा और माल ले जाने की आवश्यकता दोनों काफी प्रबल हैं।

# ओप्पो पहली तिमाही में 22 फीसदी की वृद्धि के साथ मेड इन इंडिया स्मार्टफोन शिपमेंट में आगे

**नई दिल्ली।**




वैश्विक स्मार्ट डिवाइस ब्रांड ओप्पो 2022 की पहली तिमाही में मेड इन इंडिया स्मार्टफोन शिपमेंट में अग्रणी के रूप में उभरा है। इसने 22 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि दर्ज की है। सोमवार को एक नई रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, भारत में स्मार्टफोन की बढ़ती मांग के साथ-साथ बढ़ते निर्यात के कारण, मेड इन इंडिया स्मार्टफोन शिपमेंट में इस साल की पहली तिमाही में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 48 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई है। वैश्विक पुर्जो की कमी के बावजूद, स्थानीय स्मार्टफोन निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र लचीला बना रहा और ओप्पो ने शीर्ष पर उभरते हुए एक असाधारण प्रदर्शन प्रदर्शित किया, क्योंकि इसने स्मार्टफोन शिपमेंट का अधिकतम हिस्सा हासिल किया। वरिष्ठ शोध विश्लेषक प्रचिर सिंह ने कहा, ओप्पो ने लगातार न केवल भारत में अपनी विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि कई प्रक्रियाओं को स्वचालित किया है, जिससे उत्पादन क्षमता बढ़ी है। इससे ओप्पो को अपनी आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिली है और साथ ही साथ कई अन्य पुर्जो के खिलाड़ियों को आकर्षित करने में मदद मिली है। कुल मिलाकर, 2021 में, मेड इन इंडिया स्मार्टफोन की शिपमेंट 190 मिलियन यूनिट को पार कर गई है। निरंतर वृद्धि का कारण स्थानीय विनिर्माण को बढ़ाने के लिए भारत सरकार की विभिन्न पहलों का समर्थन है। ओप्पो इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर दमयंत खानोरिया ने कहा, मेक इन इंडिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट रही है और भारत में ओप्पो के विकास का एक प्रमुख स्तंभ बनी रहेगी। खानोरिया ने कहा, यह मान्यता देश में हमारे प्रयासों का प्रमाण है। हम उद्योग के अग्रणी प्रोडक्टस और प्रौद्योगिकियों का निर्माण जारी रखेंगे जो हमारे आर एंड डी और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से भारतीय उपभोक्ताओं पर केंद्रित हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के हैंडसेट निर्माण के 2022 में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। ओप्पो भारत में अपनी निर्माण इकाई के साथ आत्मनिर्भर भारत पहल में योगदान देने में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहा है। कंपनी ने कहा कि वह बाजार की स्थिति और समग्र प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए अपने आरएंडडी और विनिर्माण के साथ अपने प्रदर्शन में सुधार करना जारी रखेगी।

# सॉवेरेन गोल्ड की बिक्री शुरू, पांच दिन खुली रहेगी

**नई दिल्ली।** सॉवेरेन गोल्ड की बिक्री सोमवार 20 जून से शुरू हो गई है। सरकार की यह योजना पांच दिन तक खुली रहेगी। सरकार ने इसके लिए 5,091 रुपए प्रति ग्राम का इश्यू प्राइस तय किया गया है। हालांकि इस स्कीम में बोली लगाने की योजना बना रहे निवेशक इस इश्यू प्राइस पर भी 50 रुपए का अतिरिक्त छूट हासिल कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने पहले बताया था कि सरकार ने आरबीआई के साथ सलाह-मशविरा कर इश्यू प्राइस पर 50 रुपए प्रति ग्राम की छूट देने का फैसला किया है। यह 50 रुपए की छूट सिर्फ उन्हीं निवेशकों को मिलेगा, जो इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं या इस दौरान डिजिटल पेमेंट किया हो। ऐसे निवेशकों के लिए गोल्ड बॉन्ड का इश्यू प्राइस 5,041 रुप, होगा। निवेश सलाहकारों का मानना है कि मंदी की आशंका के बीच सॉवेरेन गोल्ड में निवेश मुनाफे का सौदा हो सकता है। सॉवेरेन गोल्ड बॉन्ड को सरकार की तरफ से आरबीआई जारी करता है। इसका मूल्य सोने के वजन में होता है। अगर बॉन्ड 10 ग्राम सोने का है तो 10 ग्राम सोने की कीमत जितनी होगी, उतने ही बॉन्ड के दाम होंगे। सॉवेरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम में एक वित्त वर्ष में एक व्यक्ति अधिकतम 4 किग्रा गोल्ड के बॉन्ड खरीद सकता है। न्यूनतम निवेश एक ग्राम का होना जरूरी है। वहीं ट्रस्ट या उसके जैसी संस्थाएं 20 किग्रा तक के बॉन्ड खरीद सकती हैं। इसके लिए केवायसी :नॉर्म्स फिजिकल गोल्ड खरीदने के समान होंगे।

# इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के वर्चुअल डेबिट कार्ड होल्डर्स को अदा करने होंगे 2 तरह के शुल्क




**नई दिल्ली ।** अगर आपका खाता इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) में है और आपके पास बैंक का वर्चुअल डेबिट कार्ड है, तो आपकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ने वाला है। दरअसल, आईपीपीबी के वर्चुअल डेबिट कार्ड होल्डर्स को अब एनुअल मेंटेनेंस और रिइश्युएंस चार्जेस का भुगतान करना होगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को 25-25 रुपए का भुगतान करना होगा। यह शुल्क 15 जुलाई 2022 से लागू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रीमियम खातों (एसबीपीआरएम) को इन शुल्कों से छूट दी जाएगी। गौरतलब है कि आईपीपीबी ने ग्राहकों को डिजिटल भुगतान ईकोसिस्टम की ओर बढ़ाने के लिए वर्चुअल डेबिट कार्ड लॉन्च किया था। डिजिटल भुगतान को केंद्र से भी बढ़ावा मिल रहा है। यह एक डिजिटल कार्ड है जिसका इस्तेमाल ऑनलाइन लेनदेन के लिए किया जा सकता है। कार्ड का उपयोग एक फिजिकल कार्ड की तरह ही भारत में किसी भी मर्चेंट वेबसाइट/ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन खरीदारी के लिए किया जा सकता है। बशर्ते वहां रुपे कार्ड स्वीकार किया जाता हो। इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के ग्राहक अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप पर इसे जनरेट कर सकते हैं। केंद्र सरकार बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की मेजबानी के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और प्रमुख मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप के बीच एक साझेदारी पर विचार कर रही है। सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ना है और इसके लिए वह वॉट्सऐप व इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बीच आगे और भी साझेदारी पर विचार कर सकती है। इससे बैंक के ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने में मदद मिलेगी और उन्हें बुनियादी काम के लिए बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है जहां केंद्र सरकार की 100 फीसदी हिस्सेदारी है।

इसे डाक विभाग के तहत भुगतान बैंक के रूप में स्थापित किया गया है। बैंक अगले 60 दिनों तक बैलेंस इंक्वायरी, नए खाते के लिए आवेदन व अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट चलाने जा रहा है।

# मारुति सुजुकी की नई ब्रेजा की बुकिंग शुरू




**नई दिल्ली ।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने सोमवार को अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा के आगामी नए संस्करण के लिए बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महीने के ओ खिर में पेश होने वाली नयी ब्रेजा इलेक्ट्रिक सनरूफ जैसे फीचर के साथ नए जमाने की तकनीक और कनेक्टेड सुविधाओं के साथ आएगी। इसमें 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प के साथ अगली पीढ़ी का पावरट्रेन भी होगा। ग्राहक नई ब्रेजा को कंपनी के किसी भी एरिना शोरूम या इसकी वेबसाइट से 11,000 रुपए के शुरुआती भुगतान के साथ बुक कर सकते हैं। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि देश के कॉम्पैक्ट एसयूवी खंड में ब्रेजा की एक मजबूत बाजार हिस्सेदारी है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# 2023 से महिला आईपीएल शुरू करेगा बीसीसीआई

## सभी फ्रेंचाइजी के लिए एक महिला टीम का होना अनिवार्य हो - ललित मोदी

**मुबई (एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अगले सत्र से महिला आईपीएल शुरू करने जा रहा है। इसमें करीब 6 टीमों को अवसर दिया जाएगा। वहीं आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा है कि इसमें सभी फ्रेंचाइजी के लिए एक महिला टीम का होना अनिवार्य किया जाना चाहिये। इससे सभी महिला खिलाड़ियों को लाभ होगा ओर टीम को बेहतर प्रतिभाएं मिलेंगी। भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा रहा है और अब महिला आईपीएल शुरू करने से यह ओर बेहतर हो जाएगा। मोदी ने कहा कि अगर हर आईपीएल फ्रेंचाइजी एक महिला टीम रखेगी तो इससे नई प्रतिभाएं सामने आयेंगी और टीम की बेंच स्ट्रेंथ भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि यह अनूठा कदम होगा। इससे महिलाओं के खेल को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी और मैं वास्तव में इस कदम से बेहद उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि अभी महिला खिलाड़ियों के लिए टी20 चैलेंज मुकाबले होते हैं पर इसमें कम टीमें होने के कारण खिलाड़ियों को अधिक अवसर नहीं मिलते। इसमें 3 टीमों के बीच सिर्फ 4 ही मुकाबले खेले जाते हैं।

पिछ्ले दिनों आईपीएल के मीडिया राइट्स से ही बोर्ड को रिकॉर्ड 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है। इससे बोर्ड अब महिला आईपीएल शुरु करने को लेकर गंभीर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में पहले से ही लीग मुकाबले होते हैं जबकि वेस्टइंडीज इसकी शुरुआत करने जा रहा है।

# वर्ल्ड नम्बर 1 मेदवेदेव को हराकर हर्काज ने जीता हाले ओपन का खिताब



**हाले (एजेंसी)।**

ह्यूबर्ट हर्काज ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता और फिर से विंबलडन के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। अपनी तीखी सर्विस के लिए मशहूर पोलैंड के इस खिलाड़ी ने मेदवेदेव को केवल 64 मिनट में 6-1, 6-4 से हराकर अपना पहला ग्रासकोर्ट खिताब हासिल किया।

पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले हर्काज फिर से फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाले में खिताब की राह में गत चैंपियन यूगो हम्बर्ट, यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले फेलिक्स ऑगर अलियासिम और ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को भी हराया। एटीपी टूर के अनुसार हर्काज् ओपन युग में अपने पहले पांच एकल फाइनल जीतने वाले सात पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।

# क्रिकेट प्रशासकों का टेस्ट के प्रति उदासीन रवैया : इयान चैपल

**सिडनी (एजेंसी)।**



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान चैपल ने क्रिकेट प्रशासकों पर निशाना साधा है। चैपल ने कहा है कि प्रशासकों का टेस्ट क्रिकेट के प्रति उदासीन रवैया है और वे सीमित ओवरों के प्रारुप को ज्यादा महत्व दे रहे हैं।

चैपल के अनुसार , 'आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले से जब दुनियाभर में टी20 क्रिकेट के तेजी से विस्तार के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि हम बहुत कुछ नहीं कर सकते हैं।' उनके इस बयान से ही अंदाज होता है कि टेस्ट क्रिकेट के प्रति उनका उदासीन रवैया रहा है। चैपल ने कहा कि टी20 क्रिकेट हमेशा से ही टेस्ट क्रिकेट के लिए खतरा रहा है। वहीं बार्कले ने भी कहा, 'टी20 की लोकप्रियता के कारण द्विपक्षीय क्रिकेट को नुकसान होगा। साथ ही कहा कि यदि टी 20 क्रिकेट आगे बढ़ता है तो इसका सीधा नुकसान टेस्ट क्रिकेट को होगा।'

चैपल का मानना है कि क्रिकेट के प्रशासकों को बहुत पहले एक समावेशी बहस का आयोजन करना चाहिए था जिससे टेस्ट के भविष्य के लिए योजना बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि खेल हमेशा से ही वर्तमान खिलाड़ियों और प्रशंसकों पर निर्भर करता है न कि अन्य बातों पर। अगर टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक संस्करण में मनोरंजन के लिए खेल के दिनों को कम करना और अधिक आक्रामक दृष्टिकोण शामिल है तो इसका विरोध नहीं होना चाहिये। कई खिलाड़ियों ने टेस्ट प्रारुप को सबसे बेहतर बताया है। इसके बाद भी उसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चैपल का कहना है कि टेस्ट और 50 ओवर की क्रिकेट दोनों ही मनोरंजक और बहुत अच्छे प्रारुप हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भी अहम : द्रविड़

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी निर्भर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला एकमात्र टेस्ट बेहद अहम है क्योंकि इसके परिणाम पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी निर्भर करते हैं। यह मैच साल पिछले साल कोरोना संक्रमण के कारण नहीं हो पाया था। द्रविड़ ने कहा, 'यह सिर्फ एकमात्र टेस्ट नहीं है बल्कि इस पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी निर्भर हैं। भारतीय टीम ने पिछ्ले साल यह सीरीज खेली थी और इसमें बढ़त हासिल की थी। अब टीम इस सीरीज को जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देगी। साथ ही कहा कि इंग्लैंड इस समय काफी अच्छा खेल रही है, इसलिए हमें विशेष रुप से सतर्क रहना होगा।'

उन्होंने साथ ही कहा, 'जब हम पिछ्ले साल इंग्लैंड से खेले थे तो हालात कुछ और थे। इस बार अलग हैं क्योंकि तब वे न्यूजीलैंड से हार कर आ रहे थे लेकिन इस बार वे न्यूजीलैंड को हराकर आ रहे हैं, इसलिए उनके हौंसले बुलंद हैं। साथ ही कहा कि हमारी टीम भी काफी अच्छी है, इसलिए मैं एक अच्छे मैच की उम्मीद कर रहा हूं। मुझे टेस्ट क्रिकेट देखना, खेलना और उसके लिए लड़कों को तैयार करना काफी अच्छा लगता है और मैं इसके लिए तैयार हूं।'

भारतीय टीम को गुरुवार से लेस्टरशायर के खिलाफ चार दिन का अभ्यास मैच खेलना है। पिछले साल शुरू हुई इस सीरीज में भारतीय टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री, कप्तान विराट कोहली और उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे थे, वहीं अब कोच द्रविड़ हैं जबकि कप्तान की जिम्मेदारी रोहित शर्मा के पास है , वहीं रहाणे को टीम में जगह नहीं मिली है। दूसरी ओर इंग्लैंड में भी बदलाव आये हैं। टीम के कप्तान अब जो रुट की जगह बेन स्टोक्स हैं जबकि सिल्वरवुड की जगह मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम बने हैं।



# जेहान दारुवाला एफवन कार पर आजमाएंगे हाथ

**नई दिल्ली।** भारतीय 'फॉर्मूला टू' कार चालक जेहान दारुवाला इस सप्ताह विश्व चैंपियनशिप विजेता टीम मैकलारेन के साथ 2021 'फॉर्मूला वन' कार चलाने का अनुभव हासिल करेंगे। जेहान इंग्लैंड में सिल्वरस्टोन सर्किट में 'एमएलसी35एम' कार पर हाथ आजमायेंगे। 'फार्मूला टू' के मौजूदा सत्र में तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज जेहान पहली बार फॉर्मूला वन कार चलाने का अनुभव हासिल करेंगे। वह इससे भारत के तीसरे फॉर्मूला वन कार चालक बनने के अपने लक्ष्य के करीब पहुंचेंगे। जेहान 2020 में रेड बुल जूनियर टीम का हिस्सा बने थे और अब इसका अहम हिस्सा है। फार्मूला टू में जेहान का समर्थन करने वाली कंपनी मुंबई फालकॉन्स ने बताया, 'जेहान भारतीय मोटरस्पोर्ट्स में पिछ्ले 10 साल से शीर्ष नाम है और वह फॉर्मूला वन कार चालक बनने से बस एक कदम दूर है।'



# ऋषभ और अय्यर के साथ ही मुख्य कोच द्रविड़ इंग्लैंड रवाना हुए

**बेंगलुरु (एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ , विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर बेंगलुरु से सोमवार को इंग्लैंड दौरे के लिए रवाना हुए। अभी तक ये सभी खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में व्यस्त थे। वहीं टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह के अलावा कई खिलाड़ी पहले ही इंग्लैंड पहुंच गये थे क्योंकि इन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए आराम दिया गया था। सलामी बल्लेबाज के विकल्प के तौर पर शुभमन गिल के होने के कारण भारतीय टीम प्रबंधन ने चोटिल लोकेश राहुल की जगह मयंक अग्रवाल को इस टीम में शामिल नहीं किया है।

वहीं अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इस दौरे में उप कप्तान रहेंगे। भारतीय टीम को इस दौरे की शुरुआत से पहले लीस्टरशॉयर के खिलाफ एक अभ्यास मैच खेलना है। यह मुकाबला 24 जून से खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम से 1 जुलाई से टेस्ट मैच खेलेगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, ' मयंक टीम में स्टैंडबाय की भूमिका में ही रहेंगे क्योंकि टीम को एक ही टेस्ट मैच खेलना है। ऐसे में टीम प्रबंधन ने उन्हें मुख्य दल मे शामिल नहीं किया है हालांकि यदि कोई अन्य खिलाड़ी चोटिल होता है तो फिर वह इंग्लैंड भेजे जाएंगे।'

# धोनी लगातार दस साल शीर्ष पर रहने वाले एकमात्र भारतीय : बेवन



**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल बेवन ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा की है। बेवन ने कहा है कि धोनी लगातार 10 साल तक शीर्ष-10 एकदिवसीय रैंकिंग में बने रहने वाले भारतीय क्रिकेटर हैं। वह 2009-10 में शीर्ष पर रहे थे। बेवन ने एक ग्राफिक्स इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें उन्होंने इस ग्राफिक्स में 2006 से 2015 तक की रैंकिंग भी साझा की है।

बेवन ने धोनी को टैग करते हुए लिखा, 'माही एक शानदार फिनिशर हैं। साथ ही कहा कि एक बेहतरीन फिनिशर के रूप में आपको कई गुणों के संयोजन की जरूरत है। जिससे हर हालत में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ शॉट को चुनने से ही आपको अपनी टीम के लिए मैच जीतने में सहायता मिलेगी।' धोनी ने अपनी कप्तानी में भारत को 2 बार विश्व कप जिताया था। उनके नेतृत्व में भारत ने 2007 में टी20 और 2011 में एकदिवसीय विश्वकप जीता था। इसके अलावा चैंपियंस ट्रॉफी भी भारत ने उन्हीं की कप्तानी में जीती थी।

# निसांका के शतक से श्रीलंका ने तीसरे एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया को हराया

## सीरीज में 2-1 से आगे हुई मेजबान टीम

**कोलंबो (एजेंसी)।**

पाथुम निसांका के शानदार शतक से मेजबान श्रीलंकाई टीम ने मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले खेलते हुए बल्लेबाज ट्रेविस हेड के नाबाद 70 और कप्तान एरॉन फिंच के 62 रन की सहायता से 6 विकेट पर 291 रन बनाये। इसके बाद श्रीलंकाई टीम ने निसांका के शतक 137 रन और कुसल मेंडिस के 87 रनों की सहायता से 48.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी भी बनायी।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत अच्छी रहीं। निसांका और डिकवेला ने पहले विकेट के लिए 42 रन बनाये। डिकवेला के 25 रनों पर आउट होने के बाद निसांका और मेंडिस ने दूसरे विकेट के लिए 170 रन की बड़ी साझेदारी करके टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। मेंडिस 87 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। वहीं निसांका ने 147 गेंद पर 137 रन बनाए। धनंजय डिसिल्वा ने 25 रन बनाए जबकि चरित असंलका 13 रन बनाकर आउट नहीं हुए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से झाय रिचर्ड्सन ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरॉन फिंच ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी शुरु की पर टीम को शुरुआत में कही करारा झटका लगा। अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर केवल 9 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। वहीं कप्तान फिंच ने 62 रन बनाकर टीम को संभाला। एलेक्स केरी ने 49 और ग्लेन मैक्सवेल ने 33 रन बनाये। अंत में ट्रेविड हेड ने 70 रन बनाकर स्कोर को 291 रन के अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।



# साल के अंत में भारत पहुंचेगी ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम

**मेलबर्न (एजेंसी)।**

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम दिसंबर में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भारत पहुंचेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस सत्र के लिए महिला और पुरुष टीम के कार्यक्रम को घोषित किया है। सीए के सीईओ निक हॉकली ने कहा, 'टीम के लिए अगले आठ महीने काफी रोमांचक होंगे जिसमें भारत का दौरा, पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला , द हंड्रेड और अपना घरेलू सत्र शामिल है। इसके बाद टी20 विश्व कप होना है।' भारतीय महिला टीम जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेगी और सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

वहीं इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई पुरूष टीम भी सितंबर में तीन टी20 मैच खेलने भारत आएगी। टी20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में 17 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच होना हैं। वहीं लाल गेंद से होने वाले मैच अगले साल फरवरी और मार्च में होंगे।

भारतीय पुरूष टीम नौ से 19 जून तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी जिसके बाद आयरलैंड दौरे पर दो टी20 खेलने हैं।

# विश्व तैराकी चैंपियनशिप: साजन प्रकाश 25वें स्थान पर रहे, सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम

**नयी दिल्ली।** दिग्गज भारतीय तैराक साजन प्रकाश हंगरी के बुडापेस्ट में फिना विश्व चैंपियनशिप की पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 25वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाए। भारत के 28 साल के तैराक साजन एक मिनट 58.67 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में आठवें स्थान पर रहे। उनकी हीट के शीर्ष पांच तैराक ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। कंधे की चोट के बाद वापसी कर रहे दो बार के ओलंपियन साजन ओवराल सूची में 25वें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में साजन का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक मिनट 56.48 सेकेंड है। उन्होंने पिछ्ले साल अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। पुरुष 800 मीटर फ्रीस्टाइल में दिल्ली के तैराक कुशाग्र रावत 23वें स्थान पर रहे। बाइस साल के कुशाग्र ने आठ मिनट 15.96 सेकेंड का समय लिया और अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। कुशाग्र ने पिछ्ले साल सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में आठ मिनट 08.32 सेकेंड का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। शीर्ष आठ तैराकों ने फाइनल में जगह बनाई।

# बेरेटिनी ने क्वींस खिताब, हर्काज ने हाले ओपन जीता

**लंदन ।** इटली के माटियो बेरेटिनी ने फिलिप क्रोजीनोविच को हराकर ग्रास कोर्ट क्वींस क्लब खिताब जीत लिया है। बेरेटिनी ने खिताबी मुकाबले में क्रोजीनोविच को 7-5, 6-4 से हराया। बेरेटिनी इस इस जीत से अब 27 जून से शुरु हो रहे विम्बलडन में उत्साहित होकर उतरेंगे। वह इस तरह क्वींस क्लब में कई बार खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों लेटिन हेविट, एंडी रॉडिक, एंडी मरे, मारिन सिलिच और फेलिसियानो लोपेज के क्लब में शामिल हो गये हैं।

वहीं दूसरी ओर हाले में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रुस के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया है। हर्काज ने मेदवेदेव को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-1, 6-4 से हराकर पहली बार कोई ग्रासकोर्ट खिताब जीता है। हर्काज भी अब विम्बलडन में जीत के दावेदार के तौर पर उतरेंगे। उन्होंने हाले में खिताबी जीत के दौरान गत चैंपियन यूगो हम्बर्ट, फेलिक्स ऑगर अलियासिम और ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस जैसे खिलाड़ियों को हराया।

# हॉलैंड बना प्रो लीग हॉकी चैंपियन, भारत को तीसरा स्थान

**रोटरडम (एजेंसी)।**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग हॉकी खिताब जीतने की उम्मीद रविवार को यहां दो चरण के मुकाबले के दूसरे मैच में हॉलैंड के खिलाफ 1-2 की हार के साथ टूट गई। भारत को शनिवार को पहले मैच में भी हॉलैंड से शूट आउट में 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी जबकि 60 मिनट के नियमित समय के बाद दोनों टीम 2-2 से बराबरी पर थी।

खिताब जीतने की मामूली उम्मीद बरकरार रखने के लिए भारत को हॉलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने की जरूरत थी लेकिन भारतीय टीम को कामयाबी नहीं मिली। हॉलैंड ने 14 मैच में 35 अंक के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता जबकि अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। ओलिंपिक चैंपियन बेल्जियम की टीम 16 मैच में 35 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि भारत ने 16 मैच में 30 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

भारत ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और 30 सेकंड के भीतर ही अभिषेक के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। अभिषेक ने दाएं छोर से गेंद को कब्जे में लिया और चार डिफेंडर को पछाड़ने के बाद हॉलैंड के गोलकीपर मॉरिट्ज वाइसर को छकाकर गोल दाग दिया। हॉलैंड ने हालांकि सातवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जिप जेनसेन के गोल से बराबरी हासिल कर ली।

दुनिया की तीसरे नंबर की टीम हॉलैंड और चौथे नंबर की टीम भारत के बीच बराबरी के बाद कड़ा मुकाबला हुआ। हॉलैंड को 11वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने नाकाम कर दिया। हॉलैंड को तीन और पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे भारतीय डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। भारत को 16वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत सिंह गोल करने में विफल रहे।

भारत को मध्यांतर से दो मिनट पहले भी लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इन्हें गोल में नहीं बदल सकी। तीसरे क्वॉर्टर में 45वें मिनट में जोरिट क्रून ने नीदरलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। भारत को इसके बाद गोल करने के कई मौके मिले लेकिन उसके खिलाड़ी वाइसर को छका नहीं पाए।



# ज्योति के स्वर्ण सहित भारतीय एथलीटों ने जीते आठ पदक

**नई दिल्ली ।** ज्योति गदेराया के स्वर्ण के अलावा नीरज कुमार के रजत व मयूरी लुटे , पूजा डेनोल,और विश्वजीत सिंह के कांस्य पदक के साथ ही अब तक 41वीं सीनियर, 28वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में भारत ने कुल 18 पदक जीते हैं। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट के दूसरे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य के साथ ही आठ पदे जीते हैं। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन 12 वर्ग में अंतिम दौर के मुकाबले हुए जिसमें चार मुकाबले पैरा साइकिलिंग स्पर्धा में हुए। भारत ने पैरा साइकिलिंग में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता जबकि सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों ने दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं ट्रैक साइकिलिस्ट मयूरी ने 500 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। ज्योति ने स्वर्ण पर कब्जा किया।

# भ्रष्टाचार प्रतियोगिता में

# &

# भ्रष्टाचार की जानकारी देने

## National Rights Group Youtube Channel

krantisamay@gmail.com

9879141480

fight against corruption india

## भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई

## इस देश में रोजाना हो रहे चार से पांच बलात्कार, परेशान सरकार ने की आपातकाल की घोषणा

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन शोषण के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर 'आपातकाल' घोषित करने का फैसला किया है। पंजाब के गृह मंत्री अता तरार ने रविवार को कहा कि प्रशासन को ''बलात्कार के मामलों से निपटने के लिए आपातकाल घोषित करने'' के वास्ते मजबूर होना पड़ा है। मंत्री ने कहा कि प्रांत में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन शोषण के मामलों में तेज वृद्धि समाज और सरकारी अधिकारियों के लिए एक गंभीर मुद्दा है। 'डॉन' अखबार के मुताबिक पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, ''पंजाब में रोजाना बलात्कार के चार से पांच मामले सामने आ रहे हैं, जिसके चलते सरकार यौन उत्पीड़न, दुर्व्यवहार और इस तरह के मामलों से निपटने के लिए विशेष उपायों पर विचार कर रही है।'' कानून मंत्री मलिक मुहम्मद अहमद खान की उपस्थिति में तरार ने कहा कि बलात्कार और कानून व्यवस्था पर कैबिनेट समिति द्वारा सभी मामलों की समीक्षा की जाएगी और ऐसी घटनाओं पर नजर रखने के लिए नागरिक संस्थाओं, महिला अधिकार संगठनों, शिक्षकों और वकीलों से भी परामर्श किया जाएगा। तरार ने अभिभावकों से अपने बच्चों को सुरक्षा के महत्व के बारे में बताने का भी आग्रह किया और कहा कि बच्चों को बिना निगरानी के अपने घरों में अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि कई मामलों में आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और यौन उत्पीड़न के बारे में स्कूलों में छात्रों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बलात्कार की घटनाओं पर रोक के लिए सरकार ने विभिन्न मुहिम शुरू की है।

## सीरिया में सेना की बस पर किया हमला, 13 सैनिकों की गई जान

दमिश्क। उत्तरी सीरिया में सोमवार को सेना की एक बस पर किये गये हमले में 13 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गये। सीरिया की सरकारी मीडिया ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। सरकारी टीवी के मुताबिक यह हमला रक्का प्रांत में किया गया, जो कभी चरमपंथी संगठन 'इस्लामिक स्टेट' के कब्जे में था। खबर में यह नहीं बताया गया है कि बस पर घात लगाकर मशीनगन से गोलीबारी की गई या यह किसी मिसाइल या सड़क पर किये गये बम धमाके का शिकार हुई। हमले की अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन संकेत मिले हैं कि हमले के पीछे आईएस आतंकियों का हाथ हो सकता है। आईएस के आतंकियों ने इससे पहले पिछले कुछ महीनों के दौरान इस तरह के कई हमले किये हैं, जिसमें दर्जनों लोगों ने अपनी जान गंवाई या घायल हुए हैं। आतंकवादियों ने वर्ष 2014 में इराक और सीरिया, दोनों के एक तिहाई हिस्से में तथाकथित 'खिलाफत' की घोषणा की और रक्का शहर उनकी वास्तविक राजधानी थी। वर्ष 2019 में वे हार गए थे, लेकिन आईएस के 'स्लीपर सेल' अब भी सक्रिय हैं और घातक हमले कर रहे हैं। सीरियाई अधिकारी नियमित रूप से इस तरह के हमलों के लिए इस्लामिक स्टेट को जिम्मेदार ठहराते रहे हैं। पूर्वी, उत्तरी और मध्य सीरिया में आतंकवादियों के 'स्लीपर सेल' सक्रिय हैं।

## नाइजीरिया में फैला लासा बुखार का खौफ – अब तक हो चुकी है 155 लोगों की मौत

अबुजा । कई देशों में जब कोरोना कमजोर पड़ा तो मंकीपॉक्स ने दस्तक दे दी। इस बीच नाइजीरिया लासा बुखार के कहर से जूझ रहा है। देश में बुखार से मरने वालों की संख्या बढ़कर 155 हो गई है। इसकी जानकारी नाइजीरिया सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने दी। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि इस साल की शुरूआत से 4,939 संदिग्ध मामलों के साथ बीमारी के 782 मामलों की पुष्टि हुई है। एनसीडीसी ने कहा कि इस बुखार से जून की शुरूआत तक 155 मौत दर्ज की गई हैं। 24 राज्यों में कम से कम एक मामला दर्ज किया गया है। इस साल तीन प्रांतों ओंडो, ईदो और बाउची में बीमारी के 68 प्रतिशत मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, लासा बुखार एक तेजी से फैलने वाला वायरल रक्तस्रावी बीमारी है। लासा का संबंध एरिनावायरस से होता है।

यह वायरस चूहों से फैलता है। चूहों के मल-मूत्र से दूषित भोजन या घरेलू सामान के संपर्क में आने से व्यक्ति इस बीमारी से संक्रमित हो जाता हैं। यह बीमारी पश्चिम अफ्रीका के कुछ हिस्सों में फैली हुई है। लासा बुखार के लक्षण मलेरिया के तरह ही हैं। ये लक्षण वायरस के संपर्क में आने के एक से तीन हफ्तों के बीच दिखाई देते हैं। इसमें बुखार, थकान, कमजोरी और सिरदर्द जैसी शिकायत होती है। यूरोप और अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों मंकीपॉक्स के कहर से जूझ रहे हैं। अमेरिकी एजेंसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने सेक्स को लेकर अजीबोगरीब गाइडलाइन जारी की है। दरअसल मंकीपॉक्स का एक रोगी सेक्स के जरिए अपने पार्टनर को भी संक्रमित कर सकता है। ऐसे में सीडीसी ने कहा था कि जिस किसी को मंकीपॉक्स है उन्हें सेक्स नहीं करना चाहिए। लेकिन कई ऐसे मामले आए हैं, जिसमें लोगों ने सीडीसी की सलाह को नजरअंदाज किया।

## ताइवान में 6.0 तीव्रता का भूकंप

ताइपे । ताइवान में सोमवार सुबह 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। इस दौरान जान माल के किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। ताइवान सेंट्रल वेदर ब्यूरो ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर हुलैन काउंटी में भूकंप आया. उसका केंद्र 6.8 किलोमीटर गहराई में था। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार, भूकंप के झटके उत्तरी ताइपे सहित लगभग पूरे द्वीप में महसूस किए गए। ताइवान जलडमरूमध्य में भी इसका असर दिखा। ताइवान के सेंट्रल वेदर ब्यूरो के अनुसार लगभग आधे घंटे बाद दूसरा छोटा भूकंप आया। ताइवान नियमित रूप से भूकंप की चपेट में आता है, क्योंकि यह द्वीप दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन के पास स्थित है। जब तक भूकंप की तीव्रता 7.0 से अधिक न हो, द्वीप सूनामी की चेतावनी जारी नहीं करता है। 6.0 या उससे अधिक तीव्रता के कुछ भूकंप घातक साबित हो सकते हैं। हालांकि, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि भूकंप कहां और किस गहराई पर आया।

## पेंस, गिनी थॉमस को पेश होने बुला सकती है कैपिटल विद्रोह की जांच समिति

वाशिंगटन । अमेरिकी संसद परिसर में हुए दंगों की जांच कर रही सदन की समिति के सदस्यों ने कहा कि वे पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस को समन भेज सकते हैं और साथ ही उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश क्लेरेंस थॉमस की पत्नी गिनी थॉमस से 2020 के चुनाव नतीजों को पलटने की गैरकानूनी साजिश में उनकी भूमिका को लेकर पूछताछ करने का इंतजार कर रहे हैं। सांसदों ने रविवार को संकेत दिया कि वे डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव में छेड़छाड़ के झूठे दावों के जरिए धन उगाही कर समर्थकों को धोखा देने के कथित प्रयासों के बारे में और सबूत जारी करेंगे। उन्होंने न्याय विभाग को आपराधिक जांच के लिए इस महीने के अंत तक प्रासंगिक सामग्री उपलब्ध कराने का भी संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष बेनी थॉम्पसन ने हाल में कहा कि समिति अभी पेंस के वकीलों से बातचीत कर रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी संकेत दिया कि पेंस के लिए गवाही के वास्ते पेश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके कई करीबी सहायकों की गवाही दर्ज की जा चुकी है। समिति के सदस्यों को गिनी थॉमस के ट्रंप को पद पर बनाए रखने के प्रयासों के बारे में और जानकारी जुटाने की भी उम्मीद है।

## अमेरिका- वॉशिंगटन डीसी में फायरिंग, 1 की मौत, पुलिस अधिकारी सहित कई घायल

वॉशिंगटन । गन कल्चर से जूझ रहे अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी होने की घटना घटना एक पुलिस अफसर समेत कई लोगों के घायल होने की सूचना है। खबर के मुताबिक मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने बताया कि यू स्ट्रीट पर एक पुलिस अधिकारी सहित कई लोगों को गोली मार दी गई। गोलीबारी के वीडियो में पुलिस अधिकारियों को सड़क पर पड़े कई लोगों की मदद करते हुए देखा गया है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की ये घटना वाशिंगटन डीसी में जुनेटीन्थ म्यूजिक कन्सर्ट के आयोजन के समय हुई। जिसमें एक पुलिस अधिकारी सहित कई लोगों को गोली मार दी गई है। वीडियो फुटेज में घटनास्थल पर अराजकता का माहौल दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि 14वीं और यू स्ट्रीट के इलाके में एक गोलीबारी की घटना हुई है। पुलिस उसके लिए जवाबी कार्रवाई कर रही है। इस घटना में में एक पुलिस अधिकारी सहित कई लोगों को गोली मार दी गई है। स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया है कि गोलीबारी का घटनास्थल अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस से केवल 2 मील दूर है। वाशिंगटन डीसी पुलिस विभाग ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि ऐसा लगता है कि इस घटना में एक किशोर की मौत हो चुकी है। 2 अन्य नागरिक और 1 पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं, जिनकी हालत में सुधार हो रहा है। पुलिस ने ये भी बताया है कि गोली लगने से घायल एक पुलिस अफसर को अस्पताल भेजा गया है। जिसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अमेरिका में लगातार बढ़ रही गोलीबारी की घटनाओं के कारण राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए देश में बंदूक खरीदने पर रोक लगाए जाने की जरूरत है या फिर उसे खरीदने की उम्र की सीमा को 18 साल से बढ़ाकर 21 साल कर दिया जाना चाहिए। गौरतलब है कि 24 मई को टेक्सास के उवाल्डे में रॉब एलीमेंट्री स्कूल में हुई गोलीबारी की एक घटना में 19 बच्चों सहित कई लोगों की मौत हुई थी। ये गोलीबारी 2018 में फ्लोरिडा के पोर्कलैंड के स्टोनमैन डगलस हाईस्कूल में हुई गोलीबारी के बाद से सबसे भयंकर घटना थी।



ब्राजील में मारे गये पत्रकार डोम फिलिप और एक विशेषज्ञ ब्रूनो परेरा की तस्वीरें लेकर विरोध प्रदर्शन करती हुई एक महिला।

## असांजे के खिलाफ मुकदमा न चलाने के अनुरोध को ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने खारिज किया

**कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया ।** खोजी वेबसाइट विकीलीक्स के संस्थापक एवं ऑस्ट्रेलियाई नागरिक जूलियन असांजे के खिलाफ मुकदमा ना चलाने को लेकर अमेरिका से सार्वजनिक रूप से ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से अनुरोध किया लेकिन उमकी मांग को सोमवार को खारिज कर दिया। ब्रिटेन सरकार ने जासूसी के आरोपों का सामना कर रहे असांजे को अमेरिका प्रत्यर्पित करने का पिछले सप्ताह आदेश दिया था। इसके बाद से ही ऑस्ट्रेलिया पर मामले में हस्तक्षेप करने का दबाव बन रहा है। अल्बनीज ने हालांकि इस बारे में कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि उन्होंने इस संबंध में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से कोई बात की है या नहीं। अल्बनीज ने पत्रकारों से कहा, 'कुछ लोगों को लगता है कि अगर आप ट्विटर पर बड़े-बड़े अक्षरों में कुछ कहेंगे तो इससे उस बात का महत्व बड़ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मैं एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करने का इरादा रखता हूं, जिसके हमारे सहयोगियों के साथ कूटनीतिक एवं उचित संबंध हो।' वहीं, अटॉर्नी जनरल मार्क ड्रेफस एवं विदेश मंत्री पेनी वोंग ने ब्रिटिश सरकार के फैसले पर कहा कि असांजे का 'मामला बहुत लंबा खिंच गया है और अब इसे खत्म किए जाना चाहिए।'

# खुलासा- भारत-तालिबान मित्रता से बौखलाए पाकिस्तान ने सिख गुरुद्वारे पर कराया था आतंकी हमला!

**काबुल (एजेंसी)।**



भारत-तालिबान मित्रता से बौखला कर पाकिस्तान ने काबुल के सिख गुरुद्वारे पर आतंकी हमला करवाया था यह खुलासा सुरक्षा एजेंसियों ने किया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान का पाकिस्तान के साथ करीबी संबंध है और यह हमला तालिबान और भारत दोनों को ही संदेश देने के लिए किया गया हो सकता है। भारत और तालिबान के बीच अफगानिस्तान में नई दिल्ली के फिर से फिर वापसी को लेकर काफी बातचीत चल रही है जो पाकिस्तान को पसंद नहीं है। ऐसे में यह आतंकी हमला कई तरह के सवाल उठा रहा है। आईएसकेपी के आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने नूपुर शर्मा के पैगंबर को लेकर दिए गए बयान का बदला लेने के लिये सिखों पर हमला किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस बीच गुरुद्वारा कर्ते परवान पर हमले से अब एक बार फिर से बहस शुरू हो गई है कि क्या भारत का काबुल में अपना दूतावास फिर से खोलना चाहिए या नहीं। वह भी तब जब काबुल की सुरक्षा तालिबानी गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के पास है जो पाकिस्तान का पाला हुआ अंतरराष्ट्रीय आतंकी है।

रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आईएसकेपी के आतंकियों को पाकिस्तान तालिबान पर चेक एंड बैलेंस बनाये रखने के लिए पाल रहा है। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में एक भारतीय दल तालिबान के कब्जे के बाद पहली बार काबुल के दौरे पर गया था। इस दल ने तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी से मुलाकात की थी। सूत्रों का कहना है कि काबुल में भारत के दूतावास को फिर से खोलने की योजना को काफी गति मिल गई थी और अधिकारियों का एक दल भी भेजा जाना था ताकि वीजा और मानवीय सहायता के कार्यों को अंजाम दिया जा सके। इस आतंकी हमले के बाद भारत ने 111 अफगान हिंदू और सिख लोगों को आपातकालीन वीजा जारी कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने टीम भेजने की खबर पर टिप्पणी नहीं किया है लेकिन सूत्रों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा है कि अफगानिस्तान जाने वाले दल को सुरक्षा अनुमति मिलने का इंतजार है। अभी फिलहाल स्थानीय लोगों की मदद से दूतावास के कार्यों को चलाया जा रहा है। वहीं विभिन्न शहरों में स्थित महावाणिज्य दूतावास पूरी तरह से बंद हैं।

हक्कानी नेटवर्क के भारतीय दूतावास पर हमले के बाद पैदा हुई दुश्मनी के बाद भी तालिबान ने कई बार भारत से अपील की है कि वह अपने दूतावास को फिर से खोले। तालिबान ने भारतीय दूतावास को सुरक्षा की पूरी गारंटी दी है। फिलहाल अफगानिस्तान में 13 देशों रूस, चीन, ईरान, पाकिस्तान, तुर्की आदि के दूतावास अफगानिस्तान में सक्रिय हैं। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने कहा कि भारत अफगानिस्तान का ऐतिहासिक दोस्त है और दूतावास के वापसी का यहां की जनता निश्चित रूप से स्वागत करेगी। वहीं भारत के अफगानिस्तान में पूर्व राजदूत अमर सिन्हा कहते हैं कि गुरुद्वारे पर यह हमला इस बात की स्पष्ट चेतावनी है कि भारत हितों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जाएगा। तालिबान चाहता है कि भारत दवाओं और मानवीय सहायता को फिर से पहले की तरह से शुरू करे लेकिन विशेषज्ञ इसको लेकर चेता रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय दल के दौरे और तालिबान की दोस्ती की पहल से पाकिस्तानी सेना के कान खड़े हो गए हैं। पाकिस्तान को यह भी नागवार गुजरा है कि तालिबान के रक्षामंत्री और मुल्ला उमर के बेटे मुल्ला याकूब ने भारत में अफगान सैनिकों के प्रशिक्षण को फिर से शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

## अमेरिका को झटका, चीन ने किया हवा में दुश्मन की मिसाइल को मार गिराने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया



**बीजिंग। (एजेंसी)।**

चीन ने बीच हवा में ही दुश्मन की मिसाइल को मार गिराने वाली मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने रविवार देर रात जारी एक संक्षिप्त बयान में मिसाइल के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन कहा कि यह परीक्षण पूरी तरह से रक्षात्मक प्रकृति का था और किसी भी देश के प्रति लक्षित नहीं था।

चीन की रक्षा प्रणाली में मिसाइलें एक प्रमुख घटक हैं और उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम की नींव हैं। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है, जब चीन स्वशासित ताइवान के खिलाफ आक्रामकता बढ़ा रहा है। वह ताइवान पर अपना दावा जताता है और कहता है कि जरूरत पड़ने पर ताइवान पर कब्जे के लिए सैन्य बलों का इस्तेमाल किया जा सकता है। ताइवान को लेकर संघर्ष की स्थिति में अमेरिका हस्तक्षेप कर सकता है। दरअसल, अमेरिका ताइवान के लिए हथियारों का मुख्य आपूर्तिकर्ता है और उस पर मंडराते खतरे को ''गंभीर चिंता'' का विषय मानने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। चीन का दक्षिण चीन सागर के कुछ हिस्सों को लेकर फिलीपीन, वियतनाम और अन्य देशों से भी विवाद है। चीन को यूक्रेन पर हमले में रूस का समर्थन करते हुए भी देखा जा रहा है। हालांकि, उसने रूस को रक्षा संबंधी सहयोग मुहैया नहीं कराया है।

## फ्रांस के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मैक्रों बहुमत से पिछड़े

**पेरिस (एजेंसी)।**



फ्रांस के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बहुमत पाने में पिछड़ते दिख रहे है। एग्जिट पोल के मुताबिक नवगठित वामपंथी और दक्षिणपंथी दलों को रेकॉर्ड जीत मिलेगी, जिसके कारण नेशनल असेंबली में मैक्रों अपना बहुमत खोते हुए दिख रहे हैं। रविवार को आए एग्जिट पोल से फ्रांस की राजनीति में उथल-पुथल मच गया है। जब तक मैक्रों अन्य दलों के साथ गठबंधन में सक्षम नहीं होते तब तक फ्रांस में एक कमजोर विधायिका की संभावना बढ़ गई है। अभी तक रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए यूरोपीय संघ के प्रमुख राजनेता के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की कोशिश करने वाले इमैनुएल मैक्रों अपने ही घर में घिरते हुए दिख रहे हैं। आंशिक परिणामों पर आधारित अनुमानों से पता चलता है कि मैक्रों के उम्मीदवार 200 से 250 सीटों पर विजयी रहेंगे। सीटों की यह संख्या फ्रांस की संसद के सबसे शक्तिशाली सदन नेशनल असेंबली में सीधे बहुमत के लिए आवश्यक 289 सीटों से बहुत कम है। यह स्थिति फ्रांस में असामान्य है। वास्तविक परिणाम यदि अनुमानों के अनुरूप रहे तो इससे मैक्रों को मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। एक नये गठबंधन के लगभग 150 से 200 सीटों के साथ मुख्य विपक्षी दल बनने का अनुमान है।

# बांग्लादेश में बाढ़ का प्रकोप जारी, खाद्य सामग्री, पेयजल को लेकर चिंता बढ़ी

**ढाका। (एजेंसी)।**



बांग्लादेश में बाढ़ का प्रकोप सोमवार को भी जारी रहा और अधिकारियों को देश के विशाल उत्तरी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में बाढ़ के कारण बने आश्रय स्थलों में पेयजल और सूखे खाद्य पदार्थ पहुंचाने में मुश्किल आई। अधिकारियों और स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह मानसून शुरू होने के बाद से देश भर में एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। सरकार ने लोगों को निकालने में मदद के लिए शुक्रवार को सेना की मदद ली।

एकट्टर टीवी स्टेशन ने बताया कि लाखों लोग बिजली आपूर्ति से वंचित हैं। समाचार एजेंसी 'यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश' के अनुसार, आपदा और राहत मामलों के कनिष्ठ मंत्री इनामुर रहमान ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित सुनामगंज और सिलहट जिलों में 100,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और लगभग 40 लाख लोग इस क्षेत्र में फंसे हुए हैं। देश की राजधानी ढाका में देश के बाढ़ पूर्वानुमान और चेतावनी केंद्र से रविवार को ताजा बयान में कहा गया है कि उत्तरपूर्वी जिलों सुनामगंज और सिलहट में बाढ़ की स्थिति अगले 24 घंटों में और खराब हो सकती है। इसने कहा कि उत्तरी बांग्लादेश की एक प्रमुख नदी तीस्ता के खतरे से निशान से ऊपर बहने की आशंका है। देश के उत्तरी जिलों लालमोनिरहाट, कुरीग्राम, नीलफामरी, रंगपुर, गैबंधा, बोगरा, जमालपुर और सिराजगंज में भी स्थिति बिगड़ सकती है। अधिकारियों ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र से पानी कम होना शुरू हो गया है, लेकिन यह देश के मध्य क्षेत्र के लिए खतरा पैदा कर रहा है, जो बाढ़ के पानी के लिए दक्षिण में बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने का मार्ग है। मीडिया की खबरों में कहा गया है कि दूरदराज के इलाकों में बाढ़ से प्रभावित लोगों को पीने के पानी और भोजन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। गैर-लाभकारी विकास संगठन बीआरएसी के एक वरिष्ठ निदेशक अरिंजॉय धर ने ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में बाढ़ प्रभावितों के लिए खाद्य सामग्री वितरण सुनिश्चित करने में मदद मांगी। धर ने कहा कि उन्होंने सुनामगंज जिले में 5,000 परिवारों को खिलाने की योजना के तहत खाद्य सामग्री तैयार करने के लिए सोमवार को एक केंद्र खोला, लेकिन यह व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। बीआरएसी ने कहा कि वह अकेले आपातकालीन आपूर्ति के साथ लगभग 52,000 परिवारों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। देश में अचानक आई बाढ़ से उबरने के साथ ही भारी मानसूनी बारिश के बीच शुक्रवार से आई ताजा बाढ़ ने बांग्लादेश को तबाह कर दिया है।

# अमेरिका ने 10 लाख डॉलर में खरीदे मेरे सांसद: इमरान खान

### – सांसदों को अमेरिका ने एक मिलियन डॉलर की घूस दी ताकि वह उनके खिलाफ वोट करें

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फिर से दोहराया है कि अमेरिका ने उन्हें सत्ता से हटाने के लिए विपक्ष की मदद की। इसके साथ ही इमरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने उनके समर्थक सांसदों का वोट एक मिलियन डॉलर लगभग 20 करोड़ पाकिस्तानी रुपए में खरीदा है। पुतिन से मुलाकात के बाद वह अमेरिका की नजरों में चढ़ गए। इसके साथ ही इमरान ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि रूस यूक्रेन पर हमला करने वाला है। एक खबर के मुताबिक इमरान खान ने दावा किया कि उनकी पार्टी के सांसदों को अमेरिका ने एक मिलियन डॉलर की घूस दी ताकि वह उनके खिलाफ वोट करें। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ये सब 23 फरवरी को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनकी मुलाकात से नाराज होकर किया। बता दें कि इमरान और पुतिन की मुलाकात के कुछ देर बाद ही रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया था। इमरान ने अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड लू पर आरोप लगाया कि उन्होंने कहा था कि अगर वह सत्ता में रहे तो पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा और अगर सत्ता से निकल जाते हैं तो देश को माफ कर दिया जाएगा।

हालांकि अमेरिका ने इमरान के आरोपों पर हमेशा इनकार किया है। इमरान ने बातचीत में कहा कि उन्हें बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि पुतिन यूक्रेन पर हमला करने वाले हैं। एक खबर के मुताबिक इमरान ने कहा कि हमें युद्ध के बारे में तब पता चला जब हम वहां पहुंच चुके थे। हम क्या करते? क्या ये यात्रा रद्द कर देते और लौट आते? ऐसा नहीं किया जा सकता था क्योंकि कई सालों से पाकिस्तान का कोई पीएम रूस नहीं गया था। सेना कुछ रूसी हथियार खरीदना चाहती थी, हम गेहूं और सस्ता क्रूड ऑयल चाहते थे।' इमरान खान ने पुतिन के साथ मुलाकात का बचाव किया था और कहा कि मुझे कैसे पता हो सकता था कि बातचीत के बीच में हमला शुरू हो गया है। इमरान ने इसी महीने एक बातचीत के दौरान कहा था कि मैं इसलिए प्रधानमंत्री नहीं बना कि दुनिया



में हर गलत चीज को सही करूं। मेरी जिम्मेदारी मेरे लोग और मेरा देश है। हालांकि सत्ता से निकलने के बाद भी इमरान मानते हैं कि वह एक बार फिर से पाकिस्तान के पीएम बनेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता था ऐसा होगा, लेकिन अब लोग हमारे समर्थन में सड़कों पर उतरे हैं, जिससे हमें विश्वास है कि हम फिर सत्ता में आएंगे।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## भाजपा निलंबित नुपुर शर्मा ने कोलकाता पुलिस को लिखा पत्र, मांगी 4 सप्ताह की मोहलत



नयी दिल्ली। भाजपा निलंबित नुपुर शर्मा की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पैगंबर मोहम्मद को लेकर नुपुर शर्मा द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर देशभर में हंगामा मचा हुआ था। ऐसे में कोलकाता के नारकेलडांगा पुलिस स्टेशन ने नुपुर शर्मा को सोमवार को तलब किया था। हालांकि नुपुर शर्मा पुलिस स्टेशन तो नहीं पहुंची लेकिन उनका ई-मेल जरूर पहुंचा है। नुपुर शर्मा ने नारकेलडांगा पुलिस स्टेशन से 4 सप्ताह का विस्तार मांगा है। 20 जून को नारकेलडांगा पुलिस स्टेशन के समक्ष पेश होने को लेकर नुपुर शर्मा ने एक ई-मेल किया है। जिसके जरिए उन्होंने 4 सप्ताह का समय मांगा है।

### हावड़ा में भी हुए थे हिंसक प्रदर्शन

बीते सप्ताह जुमे की नमाज के बाद नुपुर शर्मा की टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत कई स्थानों पर हिंसक प्रदर्शन हुए। जिसको लेकर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। इसको लेकर नुपुर शर्मा के खिलाफ देश के कई हिस्सों में एफआईआर भी दर्ज हुई है। हाल ही में मुंबई पुलिस राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंची, जहां पर नुपुर शर्मा की तलाश कर रही थी। लेकिन छह दिनों से नुपुर शर्मा की उन्हें कोई खबर नहीं मिली।

### विधानसभा में निंदा प्रस्ताव हुआ पारित

पश्चिम बंगाल विधानसभा ने नुपुर शर्मा की आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। हालांकि भाजपा ने इसका विरोध किया। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री पार्थ चटर्जी ने सदन में यह प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव को पेश किए जाने का कार्यक्रम पहले से तय नहीं था और इसमें किसी का नाम नहीं लिया गया है, क्योंकि मामला विचाराधीन है।

## हिमाचल प्रदेश: रोपवे में आई तकनीकी दिक्कत, 5 लोगों को बचाया गया, 6 और को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

नई दिल्ली।बड़ी खबर हिमाचल प्रदेश के परवाणू से आ रही है। खबर के मुताबिक परवाणू में मौजूद टिम्बर ट्रेल रोपवे (केबल कार) बीच हवा में फंस गई, रोपवे में पर्यटकों के साथ केबल कार ट्रॉली भी फंसी हुई है। बताया जा रहा कि इसमें तकनीकी दिक्कत आ गई है जिसकी वजह से रोपवे में 11 लोग फंस गए थे। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक 5 लोगों को बचा लिया गया है। जबकि 6 लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। यह सभी पर्यटक है और फिलहाल यह सुरक्षित है। रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है और पर्यटकों को बचाने की कोशिश लगातार जारी है। परवाणू के डीएसपी प्रणव चौहान ने बताया कि केबल कार सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण 2 वरिष्ठ नागरिकों और 4 महिलाओं सहित 11 लोग पिछले डेढ़ घंटे से केबल कार ट्रॉली में फंसे हुए हैं। बचाव अभियान जारी है। तकनीकी टीम ट्रॉली कार को ठीक करने में जुटी हुई है पूरे घटनाक्रम पर पुलिस की भी नजर है। बचाओ अभियान लगातार जारी है। एसपी सोलन वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि करीब 1:30 बजे परवाणू के टीटीआर में तकनीकी दिक्कत आने के कारण केवल कार बीच में ही अटक गई। केबल कार में फंसे पर्यटक रिजॉर्ट जा रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि रेस्क्यू ट्रॉली के माध्यम से उन्हें नीचे उतारने की कोशिश की जा रही है। लेकिन वह लोग नीचे उतरने को तैयार नहीं है।

## प्रग्नेंट औरतों को नौकरी के लिए 'अस्थायी रूप से अयोग्य' बताने पर इंडियन बैंक को डीसीडब्ल्यू ने दिया नोटिस

नई दिल्ली । गर्भवती स्त्रियों के कारण कामकाज के प्रभावित होने की आशंकाओं के चलते इंडियन बैंक उन्हें काम के लिए आयोग्य करार दिया तो दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने 'इंडियन बैंक' को नोटिस जारी करके उससे अपने इस दिशा-निर्देश को वापस लेने को कहा है, जिसके तहत तीन माह या उससे अधिक समय की गर्भवती महिलाओं को नौकरी के लिए 'अस्थायी रूप से अयोग्य' करार दिया गया है। बैंक के इस कदम की विभिन्न संगठनों ने कड़ी आलोचना की है, लेकिन उसने अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इससे पहले, जनवरी में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने इसी प्रकार के नियम लागू किए थे। नियमों के तहत तीन माह से अधिक अवधि की गर्भवती महिला उम्मीदवारों को 'अस्थायी रूप से अयोग्य' माने जाने की बात कही गई थी। इस प्रावधान को श्रमिक संगठनों और दिल्ली के महिला आयोग समेत समाज के कई तबकों ने महिला-विरोधी बताते हुए निरस्त करने की मांग की थी। इसके बाद एसबीआई को इस नियम को ठंडे बस्ते में डालना पड़ा था। डीसीडब्ल्यू ने अपने नोटिस में कहा कि इंडियन बैंक का यह कदम 'भेदभावपूर्ण और अवैध' है क्योंकि यह 'सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020'' के तहत प्रदान किए गए मातृत्व लाभों के विपरीत है। उसने कहा, 'इसके अलावा, यह लिंग के आधार पर भेदभाव करता है जो भारत के संविधान के तहत प्रदत्त मौलिक अधिकारों के खिलाफ है।'

डीसीडब्ल्यू ने एक बयान में बताया कि उसने इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक को भी पत्र लिखा है। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि पैनल ने इंडियन बैंक द्वारा कर्मचारियों की भर्ती के नए दिशानिर्देश जारी किए जाने संबंधी मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है।

आयोग ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक द्वारा हाल में जारी एक परिपत्र के तहत नियत प्रक्रिया के माध्यम से चुने जाने के बावजूद उन महिलाओं को सेवा में शामिल होने से रोक दिया गया है, जो तीन महीने से अधिक की गर्भवती हैं। उसने कहा, 'बैंक ने नियम बनाए हैं जिनमें कहा गया है कि यदि कोई महिला उम्मीदवार तीन महीने की गर्भवती है, तो उसे 'अस्थायी रूप से अयोग्य' माना जाएगा और वह चयन होने के बाद भी तत्काल कार्यभार ग्रहण नहीं कर पाएगी। इससे उनके नौकरी शुरू करने में देरी होगी और बाद में वे अपनी वरिष्ठता खो देंगी।' डीसीडब्ल्यू ने कहा, 'आयोग ने इंडियन बैंक को नोटिस जारी किया है और उससे नए महिला विरोधी दिशानिर्देशों को वापस लेने को कहा है। पैनल ने बैंक को 23 जून तक मामले में की जाने वाली कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। मालीवाल ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर को भी पत्र लिखा है। उन्होंने आरबीआई के गवर्नर से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

## काबुल गुरुद्वारे पर हुए हमले में मारे गए सविंदर सिंह पर चलाई गई थी कई गोलियां : परिजन

नई दिल्ली । अफगानिस्तान में एक गुरुद्वारे पर हुए आतंकवादी हमले में मारे गए सविंदर सिंह के परिजनों ने वारदात को लेकर बड़ा खुलासा किया है परिवार के एक सदस्य ने दिल्ली में बताया कि जिस वक्त उन पर हमला किया गया, वह स्नान कर रहे थे और उन पर कई गोलियां चलाई गईं। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शनिवार को गुरुद्वारा करते परवान में कई विस्फोट हुए, जिनमें एक सिख सहित दो लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, अफगानिस्तान के सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक भरे एक वाहन को गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोककर एक बड़ी घटना को टाल दिया। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली है और इसे पैगंबर मोहम्मद के 'समर्थन में किया हमला' बताया है। नयी दिल्ली में सविंदर सिंह का परिवार उनके निधन की खबर सुन कर स्तब्ध रह गया। सिंह की पत्नी के भाई पुपेंद्र सिंह (36) ने बताया उनकी बहन की रो-रोकर तबियत खराब हो गई है। सविंदर सिंह सेवा करने के लिए गुरुद्वारा करते परवान गए थे और उसके परिसर में बने एक कमरे में ही ठहरे थे। उन्होंने कहा, 'काबुल में रहने वाले मेरे छोटे भाई का कल फोन आया और उन्होंने गुरुद्वारे पर हुए हमले की जानकारी दी। वह टैक्सी में अपने दोस्तों के साथ जलालाबाद जा रहे थे, लेकिन हमले के बारे में पता चलते ही वे काबुल निकल गए।' काबुल में जन्मे पुपेंदर ने बताया कि वह अफगानिस्तान के एक सिख परिवार से हैं और सविंदर सिंह तथा परिवार के कई अन्य सदस्य का जन्म अफगानिस्तान में हुआ और वहीं पले-बढ़े। उन्होंने कहा, 'जब मेरा भाई काबुल पहुंचा, तब तक तालिबानी बल भी वहां पहुंच चुका था। गुरुद्वारे में कई विस्फोट हुए थे। मेरे भाई ने सविंदर का शव देखा और मुझे फोन करके बताया कि 'वह शहीद हो गए हैं'। हमारे पास उनके शव की तस्वीरें और वीडियो हैं। उनके सीने पर दो जगह गोली लगने के निशान हैं। उन्हें कई गोलियां मारी गईं, मेरे भाई ने मुझे बताया कि वह गुसलखाने में नहा रहे थे, जब उन पर गोलियां चलाई गईं। दरवाजा टूटा हुआ था।' पुपेंद्र ने बताया कि यह कहर उनके परिवार पर दूसरी बार बरपा है। 2018 में जलालाबाद में हुए एक आत्मघाती हमले में उनके मामा मारे गए थे। पुपेंद्र 2010 में दिल्ली आ गए थे। उन्होंने बताया कि अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान को अपने नियंत्रण में लेने के बाद उनका परिवार चाहता था कि सविंदर सिंह भी भारत आ जाएं, लेकिन वीजा ना मिलने के कारण वह यहां नहीं आ पाए।

# मोदी जी दोस्त अब्बास से पूछिए नूपुर ने हजरत मोहम्मद के बारे में जो कहा वो सही है या गलत: औवेसी

नई दिल्ली (एजेंसी)।



एआईएमआईएम चीफ और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपने दोस्त अब्बास वाली बात को लेकर उन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने एक ट्ववीट में कहा, अपने दोस्त अब्बास को बुलाकर उलेमा-ए-किराम की तक़रीर सुनाइये और फिर उनसे पूछिए कि जो नूपुर शर्मा ने हजरत मोहम्मद के बारें में कहा, वो सही है या गलत?' औवेसी ने ये भी कहा कि मोदी जी आपने अपने दोस्त को याद किया, यह भी संभव है कि यह एक कहानी हो। उन्होंने तंज किया, 'प्रधानमंत्री जी, कृपया अपने दोस्त अब्बास से पूछें, अगर वह मौजूद है। बीजेपी की निष्कासित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद की गई विवादित टिप्पणी पर उठा बवाल थमने में नहीं आ रहा है। इसकी चपेट में प्रधानमंत्री मोदी भी विपक्षी नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री पर ताजा हमला हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने किया है। ओवैसी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने 'बचपन के दोस्त अब्बास' से पूछना चाहिए कि क्या निलंबित बीजेपी नेता नुपुर शर्मा की पैगंबर मुहम्मद पर टिप्पणी आपत्तिजनक है या नहीं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मां हीराबेन मोदी के 99वें जन्मदिन पर एक ब्लॉग पोस्ट किया था। इसमें पीएम मोदी ने अपने बचपन के दोस्त अब्बास और अपनी मां साथ बिताए पलों को याद किया। इस ब्लॉग में उन्होंने अपने करीबी दोस्त अब्बास के लिए लिखा, ÷मेरे पिता के एक करीबी दोस्त पास के गांव में रहते थे। उनकी असामयिक मौत के बाद, मेरे पिता अपने दोस्त के बेटे अब्बास को हमारे घर ले आए। वह हमारे साथ रहे और अपनी पढ़ाई पूरी की। इस दौरान मेरी मां हम सभी भाई -बहनों की तरह ही अब्बास को भी प्यार करती और उनकी देखभाल करती थी। हर साल ईद पर वह उनके पसंदीदा पकवान भी बनाती थीं। पीएम के इस ब्लॉग पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन चीफ ओवैसी ने तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री ने आठ साल बाद अपने दोस्त को याद किया।हमें नहीं पता था कि आपका यह दोस्त है। हम प्रधान मंत्री से अपील करते हैं, कृपया श्री अब्बास को फोन करें - अगर वह वहां हैं - और उन्हें मेरी और उलेमाओं (धार्मिक नेताओं) के भाषणों को सुनाएं और उनसे पूछें कि क्या हम झूठ बोल रहे हैं। ओवैसी ने यहां तक कह दिया कि यदि आप दोस्त पता शेयर करते हैं, तो मैं अब्बास के पास जाऊंगा। मैं उनसे पूछूंगा कि क्या नूपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में जो कहा वह आपत्तिजनक है या नहीं। और मैं मानता हूं कि वह मानेंगे कि वह बकवास बोली थी। उन्होंने तंज किया, 'आपने अपने दोस्त को याद किया। यह भी संभव है कि यह एक कहानी हो, ये मुझे कैसे पता चलेगा कि वास्तव में अब्बास है, आपने 'अच्छे दिन' का वादा भी किया था, क्या वे आ गए हैं

## नवाब मलिक और अनिल देशमुख को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका, नहीं मिली वोटिंग की अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायकों नवाब मलिक और अनिल देशमुख की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जेल से अस्थायी रिहाई की मांग की थी, ताकि वे महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में मतदान कर सकें। न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाश पीठ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 62(5) की व्याख्या से संबंधित मुद्दे की जांच करने के लिए सहमत हो गई, जो जेल में बंद व्यक्तियों को मतदान करने से रोकती है। पिछले हफ्ते देशमुख और मलिक की याचिकाओं को बॉम्बे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। जस्टिस एन जे जमादार की एकल-न्यायाधीश पीठ ने कहा था कि जेल में बंद लोगों के मतदान पर कानून के तहत पाबंदी है। इसलिए वे उन्हें वोट डालने की अनुमति नहीं दे सकते। मलिक और देशमुख अलग-अलग मामलों में धन शोधन और भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। सुनवाई के दौरान, मलिक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने कहा था कि मंत्री का मामला मतदान के लिए न्यायिक हिरासत में रहते हुए सुरक्षा घेरे में जाने देने का एक सामान्य अनुरोध है। महाराष्ट्र में एमएलसी चुनाव के लिए मतदान सोमवार शाम 4 बजे समाप्त हो गया। विधान परिषद की 10 सीटों के लिए हुए चुनाव में ग्यारह उम्मीदवार मैदान में थे। भाजपा के पांच उम्मीदवार हैं- प्रवीण दरेकर, राम शिंदे, श्रीकांत भारतीय, उमा खपरे और प्रसाद लाड। कांग्रेस उम्मीदवार भाई जगताप और चंद्रकांत हंडोरे हैं। राकांपा उम्मीदवार रामराजे निंबालकर और एकनाथ खडसे हैं। शिवसेना के उम्मीदवार अमश्य पड़वी और सचिन अहीर हैं।

# राकेश टिकैत का ऐलान, अग्निपथ योजना के खिलाफ 24 जून को देशव्यापी प्रदर्शन करेगा संयुक्त किसान मोर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)।




केंद्र सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन लगातार हो रहे हैं। आज भारत बंद बुलाया गया था जिसे विपक्षी दलों ने अपना समर्थन दिया है। इन सबके बीच किसान नेता राकेश टिकैत ने भी बड़ा ऐलान कर दिया है। राकेश टिकैत ने अपने ऐलान में कहा है कि अग्निपथ योजना के खिलाफ 24 जून को संयुक्त किसान मोर्चा देशव्यापी प्रदर्शन करेगा। इसके लिए राकेश टिकैत ने एक ट्वीट भी किया है। अपने ट्वीट में राकेश टिकैत ने लिखा है कि संयुक्त किसान मोर्चा का 24 जून को अग्निपथ योजना के खिलाफ देशभर में जिला तहसील मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन होगा। उन्होंने लिखा के संयुक्त किसान मोर्चा कोआर्डिनेशन कमेटी का करनाल में यह फैसला हुआ है। युवा नागरिक संगठनों पार्टियों से जुड़ने के लिए अपील की गई है।

आपको बता दें कि मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अग्निपथ योजना का ऐलान किया था। इसके बाद से लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इस विरोध प्रदर्शन का सबसे ज्यादा असर बिहार में हुआ है। बिहार में कई ट्रेनों में आग तक लगा दी गई है। इसके अलावा हिंसात्मक प्रदर्शन भी हुए हैं। बिहार के साथ-साथ हरियाणा उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश में भी यह विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। राजनीतिक दल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर हैं। वहीं सेना ने भी साफ तौर पर कह दिया है कि अब यह योजना वापस नहीं होगा। सेना, नौसेना और वायुसेना ने नयी नीति के तहत भर्ती के लिए रविवार को विस्तृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया और इस बात पर जोर दिया कि सशस्त्र बलों में उम्र संबंधी प्रोफाइल को घटाने के लिए यह एक 'प्रगतिशील' कदम है।

सैन्य मामलों के विभाग के अवर सचिव लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'अग्निवीरों' के लिए पिछले कुछ दिनों के दौरान घोषित किए गए सहयोगपरक कदम प्रदर्शन एवं आगजनी की वजह से नहीं उठाये गये हैं बल्कि सरकार पहले से उनपर काम रही थी। उन्होंने कहा कि इस योजना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जो युवा आगजनी एवं हिंसा में लिप्त हैं, वे सशस्त्र बलों की तीनों सेवाओं में नहीं शामिल हो पायेंगे क्योंकि किसी को भी सशस्त्र बलों में शामिल करने से पहले पुलिस सत्यापन प्रक्रिया चलायी जाएगी।

## अग्निपथ को लेकर अपनी ही सरकार पर बरसे वरुण गांधी, पूछा- 4 साल के बाद अग्निवीरों का सम्मानजनक होगा पुनर्वास?

लखनऊ। (एजेंसी)।

सशस्त्र बलों में भर्ती की नई 'अग्निपथ' योजना को लेकर पीलीभीत सांसद वरुण गांधी ने अपनी ही सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जब एक नौजवान का सपना मरता है, तो पूरे देश का सपना मरता है। क्या 4 साल के पश्चात अग्निवीरों का सम्मानजनक पूनर्वास होगा? मेरा मानना है कि जब तक समाज के आखिरी व्यक्ति की आवाज न सुनी जाए, तब तक कोई भी कानून का निर्माण न हो।

### एक करोड़ से ज्यादा पद हैं खाली

वरुण गांधी ने कहा कि अग्निपथ योजना के बारे में कई नौजवानों ने पिछले 2 दिनों में सोशल मीडिया में लिखकर अपनी चिंताएं रखी हैं। हमारे देश में एक करोड़ से ज्यादा सरकारी पद खाली पड़े हैं। केवल परीक्षा की फीस से 1300 करोड़ रुपए सरकार सालाना कमाती है। मैं प्रधानमंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इससे पहले कि हम 10 लाख नई नौकरियां बनाएं उससे पहले एक करोड़ खाली पड़े पदों को भरा जाए तो लगभग 5 से 10 करोड़ लोग खड़े हो जाएंगे।

### अभ्यर्थियों के समर्थन में खड़े हैं वरुण गांधी

इससे पहले वरुण गांधी ने अभ्यर्थियों का समर्थन करते हुए अपनी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि 'अग्निपथ योजना' को लाने के बाद महज कुछ घंटे के भीतर इसमें किए गए संशोधन यह दर्शाते हैं कि संभवतः योजना बनाते समय सभी बिंदुओं को ध्यान में नहीं रखा गया। जब देश की सेना, सुरक्षा और युवाओं के भविष्य का सवाल हो तो 'पहले प्रहार फिर विचार' करना एक संवेदनशील सरकार के लिए उचित नहीं।

## मॉनसून ने बिहार में दी दस्तक, दिल्ली भी होगी तरबतर: आईएमडी

नयी दिल्ली। (एजेंसी)।

भीषण गर्मी के बाद मॉनसून की दस्तक से मौसम खुशनुमा होने के आसार है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून मध्य प्रदेश के ज्यादातर हिस्से, छत्तीसगढ़ के बाकी भूभाग और आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में पहुंच गया है। इसके कारण बंगाल की खाड़ी के उत्तर पश्चिमी हिस्से, पूरे ओडिशा और पश्चिम बंगाल के गंगा क्षेत्र और झारखंड के लगभग पूरे हिस्से में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया है कि आज मॉनसून बिहार और दक्षिण पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी पहुंच गया। एक-दो को छोड़कर बिहार के सभी जिलों में बारिश शुरू हो गई है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। हालांकि पटना में आज दोपहर में धूप खिली हुई है। मौसम विभाग ने अलर्ट किया है कि अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिमी तट पर भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के दौरान उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत में अलग-अलग जगहों पर भारी वर्षा और गरज के साथ छींटे पड़ सकती हैं। दिल्ली में रिमझिम बारिश रुक-रुक कर हो रही है।

मॉनसून पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानों, झारखंड और बिहार के ज्यादातर हिस्सों में रविवार को पहुंच गया। मौसम विभाग ने सोमवार-मंगलवार को भारी बारिश होने का पूर्वानुमान किया है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि मॉनसून के पहुंचने के साथ ही पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में सोमवार और मंगलवार को छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी भारी बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। कोलकाता में अगले कुछ दिनों में बिजली चमकने के साथ बारिश होने की संभावना है।

# विपक्ष के प्रस्ताव को गोपाल कृष्ण गांधी ने ठुकराया, नहीं बनेंगे राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार

इस्लामाबाद। (एजेंसी)।



एनसीपी प्रमुख शरद पवार और नेशनल कांफ्रेंस सुप्रीमो फारुख अब्दुल्ला के बाद अब गोपाल कृष्ण गांधी ने भी राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए विपक्ष के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इसका मतलब साफ है कि गोपाल कृष्ण गांधी राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की ओर से अब उम्मीदवार नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि मेरे नाम के प्रस्ताव के लिए शुक्रिया। आपको बता दें कि 21 जून को राष्ट्रपति चुनाव को लेकर शरद पवार के नेतृत्व में विपक्ष की एक अहम बैठक होने वाली है। इससे पहले दिल्ली में ममता बनर्जी के नेतृत्व में एक बड़ी बैठक हो चुकी है। दिल्ली के बैठक में विपक्षी 17 पार्टियां शामिल हुई थीं और साझा उम्मीदवार उतारने पर सहमति भी बन गई थी। उस बैठक से कई नाम निकल कर सामने आए थे। राष्ट्रपति चुनाव को लेकर शरद पवार के नाम की चर्चा काफी दिनों से हो रही थी। हालांकि उन्होंने उम्मीदवार बनने से इंकार कर दिया और कहा कि वह सक्रिय राजनीति में रहना चाहते हैं। शरद पवार के बाद विपक्ष की ओर से फारुख अब्दुल्ला के समक्ष यह प्रस्ताव रखा गया। फारूक अब्दुल्ला ने इनकार करते हुए कहा कि मैं भारत के राष्ट्रपति के लिए संभावित संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में अपना नाम विचार से वापस लेता हूं। मेरा मानना है कि जम्मू-कश्मीर एक महत्वपूर्ण मोड़ से गुजर रहा है और इस अनिश्चित समय में मदद करने के लिए मेरे प्रयासों की आवश्यकता है। खबर सामने आई थी कि ममता बनर्जी ने शरद पवार के इनकार करने के बाद फारूक अब्दुल्ला और महाराष्ट्र गांधी के पोते गोपाल कृष्ण गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा। हालांकि कहा जाता है कि वामदलों ने सर्वप्रथम गोपाल कृष्ण गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा था।

### कब होगा राष्ट्रपति चुनाव ?

चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। जिसके मुताबिक, देश के अगले महामहिम को चुनने के लिए 18 जुलाई को वोट डाले जाएंगे। जबकि 21 जुलाई को चुनाव के नतीजे सामने आएंगे और देश को नए महामहिम मिलेंगे। इस चुनाव में सांसदों और विधायकों वाले निर्वाचक मंडल के 4,809 सदस्य मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के उत्तराधिकारी का चुनाव करेंगे। इससे पहले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी दलों का मन टटोलने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे समेत कई नेताओं से बातचीत की। हालांकि विपक्ष की तरफ से अभी तक राष्ट्रपति उम्मीदवार का नाम तय नहीं हो पाया है।

## विकास चाहिए तो 'आप' को दें वोट, भाजपा नेता केवल झगड़ा करते हैं: अरविंद केजरीवाल

नयी दिल्ली। (एजेंसी)।



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद केजरीवाल ने राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवार के वास्ते रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि अगर लोगों को शांति और विकास चाहिए तो उन्हें 'आप' को वोट देना चाहिए। जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को वोट देना निरर्थक है क्योंकि भाजपा के नेता कुछ करते नहीं केवल 'झगड़ा' करते हैं। केजरीवाल ने कहा, 'भाजपा को वोट देना बेकार है क्योंकि वे झगड़े के सिवा कुछ नहीं करते। वे हर समय झगड़ते रहते हैं। अगर आप झगड़ा चाहते हैं तो भाजपा को वोट दीजिये। अगर आप काम चाहते हैं तो मुझे वोट दीजिये।'

उन्होंने कहा, 'मुझे झगड़ा करना नहीं आता। मैं काम करने में विश्वास करता हूं। मैं आपके सारे काम कर दूंगा।' केजरीवाल ने पार्टी के उम्मीदवार दुर्गेश पाठक के लिए राजेंद्र नगर निर्वाचन क्षेत्र के पांडव नगर और इंद्रपुरी में दो रोडशो निकालकर चुनाव प्रचार किया। इस बीच भारतीय जनता पार्टी की ओर से केंद्रीय मंत्री मिनाक्षी लेखी, सांसद मनोज तिवारी और प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने राजेंद्र नगर में रोडशो किया।

स्मृति ईरानी कोरोना वासरस से संक्रमित होने के कारण रोडशो में शामिल नहीं हो सकी। उन्होंने ट्वीट किया, 'मेरी जांच में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है जिसके चलते मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकी। इसके लिए मैं राजेंद्र नगर की जनता से माफी मांगती हूं। मैं राजेंद्र नगर के लोगों से अपील करती हूं कि वे राजेश भाटिया को वोट देकर उनकी विजय सुनिश्चित करें।

## 10 रुपये के सिक्कों से भरा वाहन लेकर शोरूम पहुंचा युवक, खरीदी 6 लाख की कार

**चेन्नई ।** ऑनलाइन भुगतान के जमाने में कोई भारी मात्रा में सिक्कों को लेकर कार खरीदने पहुंच जाए तो आपका चकित होना स्वाभाविक है पर तमिलनाडु के धर्मपुरी के एक कार डीलर के कर्मचारी उस समय बड़े आश्चर्य में पड़ गए, जब एक आदमी कार खरीदने के लिए 10 रुपए के सिक्कों से भरा वाहन लेकर शोरूम में आया। अरूर के वेत्रिवेल ने कहा कि उनकी मां एक दुकान चलाती हैं और ग्राहक 10 रुपए के सिक्के लेने से इनकार कर देते हैं। ऐसे में उनके घर पर उन सिक्कों का एक बड़ा ढेर लग गया। इसलिए उन्होंने इन सिक्कों से कार खरीदने का मन बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे 10 रुपए के सिक्कों के साथ ऐसे खेल रहे थे जैसे वे बेकार हैं। इसलिए मैंने केवल 10 रुपए के सिक्कों वाली कार खरीदकर जागरूकता पैदा करने का फैसला किया।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 जून से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर आएंगे

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात विधानसभा चुनाव निकट आते ही राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय नेताओं के राज्य में दौरे बढ़ गए हैं। भाजपा के नेता सबसे अधिक गुजरात दौरा कर रहे हैं। 18 जून को प्रधानमंत्री गुजरात का दो दिवसीय दौरा कर लौटे हैं। अब केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। आगामी 30 जून को अमित शाह गुजरात आएंगे। 1 जुलाई को अहमदाबाद में रथयात्रा निकलेगी और उससे पहले सुबह अमित शाह भगवान जगन्नाथजी के मंदिर में मंगला आरती करेंगे। मंगला आरती के बाद अमित शाह गांधीनगर जिले के कलोल जाएंगे। जहां स्वामीनारायण विश्व मंगल गुरुकुल में रु 350 करोड़ की लागत से बनने वाले 750 बेड के होस्पिटल के लिए भूमिपूजन करेंगे। इस मल्टी स्पेशयालिटी होस्पिटल में मरीजों के उपचार के लिए अनेक सुविधा उपलब्ध होंगी। होस्पिटल में 100 बेड का आईसीयू, सिटी स्कैन, एमआरआई, रेडियोथेरापी, डायालिसिस, ब्लड बैंक इत्यादि सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध होंगी। इसके अलावा अमित शाह नवनिर्मित स्वामीनारायण यूनिवर्सिटी और ऑफीस का भी लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील भी मौजूद रहेंगे।

## भाजपा सांसद ने अपनी सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# किसानों के मुद्दे पर आंदोलन की चेतावनी

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

नर्मदा, भरूच से भाजपा सांसद मनसुख वसावा ने अपनी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं है कि मनसुख वसावा पहली बार अपनी सरकार को आंखें दिखाई हैं। इससे पहले भी कई बार भाजपा सरकार की किरकिरी करवा चुके हैं। अबकी बार भाजपा सांसद मनसुख वसावा ने नेशनल हाईवे योजना में किसानों को जमीन का ज्यादा मुआवजा देने की मांग की है। इसके लिए मनसुख वसावा ने केन्द्रीय मार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। इस पत्र में वसावा ने नेशनल हाईवे के लिए ली जानेवाली किसानों की जमीनों के लिए ज्यादा मुआवजा देने की मांग



की है। वसावा का कहना है कि सूरत और वलसाड जिले के किसानों को इसके लिए ज्यादा मुआवजा दिया गया है, जबकि भरूच जिले के किसानों को कम मुआवजा दिया गया है। भरूच के किसानों के साथ अन्याय का आरोप लगाते हुए इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है।

# 24 घंटों में गुजरात की 84 तहसीलों में बारिश, राज्य में चार दिन होगी झमाझम बारिश

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

24 घंटों के भीतर गुजरात की 84 तहसीलों में बारिश हुई है। जिसमें सबसे अधिक जूनागढ़ जिले की विसावदर तहसील में 4 ईंच बारिश रिकार्ड हुई है। सूरत के कामरेज में 3.5 ईंच, नवसारी जिले की नवसारी और जलालपोर तहसील में 2 तथा अन्य तहसीलों में 1 ईंच तक बारिश हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले चार दिन खासकर दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र में मूशलाधार बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के मुताबिक सौराष्ट्र के अमरेली और गिर सोमनाथ में मूशलाधार बारिश को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की हिदायत दी है। आगामी पांच दिनों के दौरान अहमदाबाद के आसमान में बादलों का जमावडा रहेगा। मौसम विभाग की ओर से व्यक्त की गई संभावना के अनुसार राज्य के दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र में भारी बारिश होने की संभावना है। बुवाई लायक बारिश होने से किसानों में खुशी दिखाई दे रही है। जूनागढ़ के विसावदर में भी भारी बारिश हुई है। सौराष्ट्र के अमरेली में लगातार 11वें दिन भी बारिश का दौर जारी है।

# गुजरात में चुनाव से छह महीने पहले ही शुरू हुआ राजनीतिक दंगल

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात में विधानसभा चुनाव से छह महीने पहले ही राजनीतिक दंगल शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) जैसी प्रमुख पार्टियों ने तो चुनाव को लेकर अभी से अपनी योजनाओं को अंतिम रूप देना भी शुरू कर दिया है। पीएम मोदी अब से हर महीने गुजरात में रैली करेंगे। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल भी राज्य का दौरा शुरू करने जा रहे हैं। उधर, राज्य में अभी से कांग्रेस और बीजेपी के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है।

पीएम मोदी ने इस महीने ही गुजरात का दो बार दौरा किया है। शनिवार को उन्होंने यहां रोड शो भी किया था। इस दौरान उन्होंने बीजेपी की दावेदारी को गुजरात में मजबूत बताया। ध्यान हो कि बीते दो दशक से बीजेपी ही गुजरात के शासन पर काबिज रही है और पीएम इसे आगे भी बरकरार रखना चाहते हैं। पीएम मोदी के रोड शो के बाद कांग्रेस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पर राज्य में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस गुजरात में इस बार जूनागढ़ से लेकर जामनगर, सौराष्ट्र और दक्षिण तक में हर जगह ज़मीनी स्तर पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोषी ने कहा कि अहमदाबाद में इसलिए हमने कांग्रेस के पंजे पास में लगाए,

# गुजरात ने पीएम मोदी के मार्गदर्शन में शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट प्रदर्शन किया: मुख्यमंत्री

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने एल. डी. कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग (LDCE) के 75वें स्थापना दिवस पर कहा कि आज देश आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे में एल. डी. इंजीनियरिंग कॉलेज भी अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रहा है, जो गुजरात तथा देश के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि गुजरात के सबसे पुराने एल. डी. कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर डायमंड जुबिली मना रहा है। एलडीसीई के स्थापना दिवस समारोह 'समर्पण' में सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल अतिथि विशेष रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री जीतू वाघाणी तथा शिक्षा राज्य मंत्री कुबेर डिंडोर भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने एलडीसीई की स्थापना के 75 वर्ष होने पर कॉलेज परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कॉलेज का अब तक का ग्राफ हमें गौरव की अनुभूति कराता है। मुख्यमंत्री ने समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ हल्के-फुल्के अंदाज़ में अपने कॉलेज के दिनों के संस्मरण भी ताज़ा किए। इस अवसर पर पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात ने शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट प्रदर्शन किया है और गुजरात में शिक्षा की बुनियाद भी बहुत मज़बूत बनी है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा क्षेत्र में युवाओं का कॅरियर बनाने के लिए स्टार्टअप योजना शुरू की है। इस योजना के पीछे प्रधानमंत्री का यह उम्दा उद्देश्य है कि युवाओं में निहित शक्ति धनाभाव में छिपी नहीं रह जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी युवाओं को प्रोत्साहित करने वाली योजनों के अंतर्गत सभी प्रकार की सहायता करने को कटिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वे स्टार्टअप योजना का अधिक से अधिक लाभ लेकर समाज के लिए सहायक बनें। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प किया है। ऐसे में हम 'आत्मनिर्भर गुजरात के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में आगे बढ़ें और विकास की इस यात्रा में जुड़ें। कहा कि एल. डी. इंजीनियरिंग कॉलेज आज शिक्षा क्षेत्र में अत्यंत उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। कॉलेज का यह विचार रहा है, "जो है, उससे श्रेष्ठ क्या किया जा सकता है ?" और यह विचार ही इस कॉलेज को




दायित्व निभाना है। उन्होंने एलडीसीई से भी अधिक से अधिक स्टार्टअप तैयार करने का विद्यार्थियों का आह्वान किया। इस अवसर पर वाघाणी ने एल. डी. कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग को 75 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2022-23 से दो नई फ़ैकल्टियाँ 'रोबोटिक ऑटोमेशन' तथा 'आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग' देने की घोषणा की। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में शिक्षा विभाग ने इस इंजीनियरिंग कॉलेज को पूर्व में अत्याधुनिक लैब के लिए स्वीकृत 10 करोड़ रूपए का अनुदान पुनर्जीवित करते हुए पुन: देने का निश्चय किया है।

समारोह में उपस्थित शिक्षा मंत्री जीतू वाघाणी ने कहा कि आज इतिहास में एक नई पगडंडी का निर्माण हुआ है। देश जब स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष मना रहा है, तब एल. डी. कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग के 75 वर्ष पूर्ण होना गुजरात एवं देश में एक उपलब्धि है। उन्होने दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ा रहा है।उन्होंने कहा कि आज इस कॉलेज में पढ़ाई करना एक गौरव की बात है। शिक्षा मंत्री ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आप जो ज्ञान अर्जित र रहे हैं, वह समाज के निर्माण में उपयोगी बनना चाहिए। आपको ऐसा समारोह में संजय लालभाई ने कहा कि कस्तूरभाई लालभाई तथा साराभाई परिवार ने अहमदाबाद में अनेक शैक्षणिक संस्थान आरंभ कर अहमदाबाद को वर्ल्ड मैप पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया की विश्वविख्यात कम्पनियों में हमारे देश के CEO हैं,

